तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.5 डिग्री


हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026




नेशनल हाइवे के किनारे ग्राम गतौरी में बने प्रवेश द्वार को ट्रेलर ने ठोका। बाइक भी आई चपेट में।



## खबर संक्षेप

### रोटरी ई-क्लब ऑफ बिलासपुर का इंस्टालेशन समारोह आज

**बिलासपुर।** रोटरी ई-क्लब ऑफ बिलासपुर यूनाइटेड का 9वां इंस्टालेशन समारोह शुक्रवार 17 जुलाई को रात 8 बजे से ग्रैंड लोटस में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि हरिभूमि, आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी होंगे। वरिष्ठ चिकित्सक एवं क्लब मेंटर डॉ. देविंदर सिंह एवं असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन नवीन सिस्तला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 के लिए रोटेरियन प्रमोद अग्रवाल अध्यक्ष, रोटेरियन रौनक साहू गुप्ता सचिव एवं रोटेरियन विमलेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।

### डिप्टी कलेक्टर सालिक को भाड़ा नियंत्रक का प्रभार

**बिलासपुर।** डिप्टी कलेक्टर सालिक राम गुप्ता को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ आगामी आदेश तक भाड़ा नियंत्रक, बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस आशय का आदेश कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जारी किया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग के मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा जारी पूर्व आदेश के संदर्भ में की गई है। आदेश के अनुसार श्री गुप्ता अपने वर्तमान कार्यों का निर्वहन करते हुए भाड़ा नियंत्रक का दायित्व भी संभालेंगे।

### एसआई की लापता पत्नी की लाश शिवनाथ नदी में मिली

**बिलासपुर।** एसआई के लापता पत्नी की शिवनाथ नदी में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। लाश दो तीन दिन पुरानी होने से सड़ गई है। एक दिन पहले नदी के पास उनकी लावारिश हालत में स्कूटी मिली थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बिल्हा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया कि 15 जुलाई को ग्राम अमलडीहा पुलिस के पास एक लावारिश हालत में स्कूटी मिली थी। स्कूटी नम्बर के आधार पर संपर्क करने पर गाड़ी मालिक ने बताया कि वह स्कूटी उनकी बहन बलौदाबाजार निवासी प्रीति जॉन पति प्रियेस जॉन 43 साल की है। उनका पति बलौदाबाजार जिला में ट्रैफिक थाने में एसआई के पद पर पदस्थ है। पति ने बताया कि विगत 6 से- 7 माह से उनका पत्नी के साथ अनबन हो गया था और वह अकेले सिरगिट्टी आश्रय परिसर में रह रही थी। 16 जुलाई की सुबह लोगों ने पुल के नीचे शिवनाथ नदी में प्रीति जॉन की लाश देखे। सूचना पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंच गए। लाश दो तीन दिन पुरानी होने से सड़ गई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती, आवेदन 6 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत ग्राम उमरिया के आंगनबाड़ी केन्द्र 1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक रिक्त पद के लिए 23 जुलाई से 6 अगस्त तक है।

# आधा साल बीता, मोबाइल पर अटेंडेंस अब भी 'बैसाखी' पर

## कलेक्टोरेट व जिला पंचायत जैसे बड़े विभागों में प्रारंभ, छोटे विभागों में जारी है मनमर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जून माह की समाप्ति के साथ ही आधा साल बीत चुका है, जबकि शासन के निर्देशानुसार एक जनवरी से शासकीय कार्यालयों में मोबाइल फोन के जरिए होने वाला आधार बेस्ड अटेंडेंस अब भी 'बैसाखी' पर नजर आ रहा है।

कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत जैसे बड़े विभागों में यह व्यवस्था प्रारंभ हो चुकी है। इसके विपरीत छोटे विभाग अब भी बायोमेट्रिक पर अंगूठा ही लगा रहे हैं। शासकीय





विभागों की संख्या जिले में चालीस से भी अधिक हैं, लेकिन शासन के निर्देशानुसार ज्यादातर विभागों में अब भी आधार बेस्ड मोबाईल अटेंडेंस की व्यवस्था प्रारंभ नहीं हो सकी है। कहीं अधिकारी ही नहीं चाहते, तो कहीं कर्मचारियों ने मोबाईल पर एप डाऊनलोड नहीं हो पाने का बहाना बना रखा है। लिहाजा जून की समाप्ति के साथ ही वर्ष 2026 का भी आधा साल निकल गया।

जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिला मुख्यालय के बाहर फील्ड में स्थापित शासकीय कार्यालयों में भी यह व्यवस्था लागू हो जाए, लेकिन फिलहाल शहर के भीतर स्थापित कार्यालय ही इस व्यवस्था से दूरी बनाए हुए हैं।

### क्या है आधार बेस्ड अटेंडेंस

आधार इनेबल बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम डिजिटल इंडिया के अंतर्गत शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति दर्ज कराने की एक नई प्रणाली है। इसके अंतर्गत कर्मचारयों को अपने मोबाईल में एप के जरिए अपने कार्यालय से सौ मीटर के दायरे में समय पर उपस्थिति एवं जाने के पूर्व अटेंडेंस लगाना होगा। इस एप की खास बात यह होगी कि साढ़े दस बजे के बाद यह एप अपने आप उपस्थिति दर्ज कराने वाले कर्मचारी को अनुपस्थित दर्ज कर देता है।

### सारे जिलाधिकारी अपने विभाग के नोडल, वही जिम्मेंदार

जिला प्रशासन के अनुसार आधार बेस्ड अटेंडेंस के लिए अपने कर्मचारियों को उनके एंड्रायड मोबाईल में एप डाऊनलोड करवाने एवं इसी एप में प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करवाने की जिम्मेंदारी विभाग प्रमुख की होगी। मोबाईल अटेंडेंस जैसी व्यवस्था अपने विभागों में लागू करवाने के लिए जिलाधिकारी ही नोडल हैं। अगर किसी विभाग में यह व्यवस्था अब तक लागू नहीं हो सकी है, तो संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

#### हर रोज दो बार देते हैं अटेंडेंस

कलेक्टोरेट से संबंधित विभागों के कलेक्टर सहित करीब 167 अधिकारी व कर्मचारी आधार बेस्ड अटेंडेंस के लिए रजिस्टर्ड हैं। इसमें प्रतिदिन दो बार अटेंडेंस दिया जाता है। कलेक्टर इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग भी करते हैं।

**-शिवकुमार बनर्जी**, एडिशनल कलेक्टर

#### दो महीने से लागू है व्यवस्था

आधार बेस्ड मोबाईल अटेंडेंस की व्यवस्था विभाग में दो महीने पहले से लागू है। इसमें करीब 45 अधिकारी व कर्मचारी प्रतिदिन उपस्थिति दे रहे हैं। इसमें नियमित व संविदा दोनों ही श्रेणी के कर्मचारी शामिल हैं।

**-संदीप कुमार अग्रवाल**, सीईओ जिला पंचायत

#### व्यवस्था प्रारंभ नहीं हुई है

हमारे ऑफिस में अभी यह व्यवस्था प्रारंभ नहीं हुई है, लेकिन जल्द से जल्द प्रारंभ होना चाहिए ताकि सारे अधिकारी-कर्मचारी समय पर कार्यालय आना-जाना कर सकें।

**- मनीष कुमार साहू**, एसडीएम बिलासपुर

#### सिर्फ मैं उपयोग करता हूं

मेरे ऑफिस में केवल मैं आधार बेस्ड मोबाईल अटेंडेंस का उपयोग करता हूं। शेष लोगों ने अभी शुरूआत नहीं की है। जल्द ही सबके लिए कड़ाई से लागू करवाया जाएगा।

**-जीएस सिंह तंवर**, संयुक्त संचालक, पशुपालन विभाग

#### 23 कर्मचारी दर्ज कराते हैं उपस्थिति

हमारे ऑफिस में आधार बेस्ड मोबाईल अटेंडेंस व्यवस्था लागू है। यहां 23 अधिकारी-कर्मचारी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं।

**-तिलकेश प्रसाद भावे**, संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग

#### 228 में से सिर्फ 23 देते हैं अटेंडेंस

मेरे यहां अप्रैल महीने से ही मोबाईल एप के जरिए अटेंडेंस भरा जा रहा है। यहां वैसे तो जिले में 228 कर्मचारी हैं, लेकिन जिला मुख्यालय में कार्यरत 23 कर्मचारी ही इस एप का उपयोग कर रहे हैं।

**- संजय चंदेल**, एसी ट्रायबल

#### बायोमैट्रिक चल रहा है

खारंग डिवीजन में बायोमेट्रिक एवं आधार बेस्ड मोबाईल अटेंडेंस दोनों ही तरह की व्यवस्था लागू है। विभाग में कई कर्मचारी पुराने हैं, जो कीपैड वाले मोबाईल का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे लोगों के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू है। शेष अधिकारी-कर्मचारी मोबाईल एप के जरिए उपस्थिति देते हैं।

**-एमके चंद्रा**
ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

#### व्यवस्था प्रारंभ नहीं हुई

हमारे विभाग में अभी यह व्यवस्था प्रारंभ नहीं हो सकी है। यहां 22 का स्टाफ है, लेकिन ज्यादातर अधिकारी-कर्मचारी फील्ड पर रहते हैं। एनआईसी द्वारा इस संबंध में जानकारी चाही गई है, लेकिन फिलहाल ऑनबोर्ड नहीं हो सके हैं।

**- एनके नेताम**
उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

## मौत की वजह सर्पदंश बताकर लाखों लिए सरकार से

# वकील और तहसीलदार का ड्राइवर बैंककर्मी सहित 4 आरोपी गए जेल



कृष्णा तंबोली ⏭ बिलासपुर

फर्जी सर्पदंश के मामले में पुलिस को बड़ा गिरोह पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस ने फर्जी दस्तावेज व पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने वाले वकील, तहसीलदार के ड्राइवर, बैंककर्मी सहित 4 लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड में पूछताछ करने के बाद दस्तावेज जब्त कर कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

■ पूर्व में सिविल लाइन थाना से वकील सहित तीन आरोपी गए थे जेल

विधानसभा में सवाल उठने के बाद जिला प्रशासन से नायब नाजिर के द्वारा जिले के सिविल लाइन, सरकण्डा, कोनी, कोतवाली, तोरवा, सिरगिट्टी में फर्जी सर्पदंश से मौत के 15 मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एडीशनल एसपी पंकज पटेल के नेतृत्व में उक्त सभी प्रकरणों की पुराने फाइल खुलवाकर मामले की समीक्षा की जा रही थी। समीक्षा के बाद सरकण्डा थाना के पांच प्रकरणों में शामिल वकील हीराप्रसाद खाण्डेकर मंगला आकाश विहार, कुशकुमार गुप्ता राजकिशोरनगर बैंककर्मी, महेन्द्र कुमार अशोकनगर तथाकथित वकील, गोविंद विश्वकर्मा दैनिक वेतन भोगी तहसीदार के ड्राइवर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई थी। पूछताछ में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। उनके कब्जे से फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं। 16 जुलाई को पुलिस रिमांड समाप्त होने पर सरकण्डा पुलिस ने चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



सर्पदंश से मृत्यु के फर्जी प्रकरणों में 60 लाख का भुगतान
शासन को हुई क्षति,15 मामलों में दर्ज होगी एफआईआर

11 जुलाई को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### कोनी थाना के एक मामले में भी आरोपी

जांच के दौरान चारों आरोपी कोनी थाना के एक सर्पदंश के मामले में शामिल है। चारों ने उक्त मृतक के आश्रित परिजन को फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासन की योजना का 4 लाख रुपए दिलाया स्वीकार किया है। कोनी पुलिस बाद आरोपियों को प्रोडेक्शन रिमांड में लेकर पूछताछ करने के बाद गिरफ्तारी करेगी।

### ऐसे होता था फर्जीवाड़ा

मास्टर माइंड वकील हीराप्रसाद खाण्डेकर ने अपने गिरोह में बैंककर्मी कुशकुमार गुप्ता, तहसीदार के ड्राइवर गोविंद विश्वकर्मा व तथाकथित वकील महेन्द्र कुमार मनहर को शामिल किया था। किसी भी वजह से लोगों की मृत्यु होने के बाद वकील अपने सहयोगी के साथ मृतक के घर जाकर आश्रित परिजन से मिलकर सर्पदंश में मृत्यु के दस्तावेज बनवाकर शासन की योजना के तहत 4 लाख रुपए सहायता राशि दिलाने का सौदा तय करता था। उसके बाद आश्रित परिजन से सर्पदंश से मृत्यु होने का फर्जी शपत्र बनवाकर फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार के ड्राइवर को दस्तावेज देता था। ड्राइवर के द्वारा तहसील आफिस से काम कराने को ठेका लेकर तहसील आफिस का पूरा काम कराया जाता था। इसी तरह वह बैंककर्मी कुश कुमार गुप्ता से आश्रित परिजन का बैंक खाता खुलवाता था। उक्त बैंक खाते में योजना की रकम 4 लाख रुपए जमा होती थी। उसके बाद वे अपना हिस्सा लेकर आश्रित को शेष रकम देते थे।

### पूर्व सिम्स चौकी प्रभारी से पूछताछ

पूर्व सिम्स चौकी प्रभारी एएसआई गुलाब सोनवानी जांच के रडार में आ गए हैं। विगत 5 साल में उनकी सिम्स चौकी में दूसरी पोस्टिंग थी। उन्होंने अपने दोनों कार्यकाल में सिम्स में मृत्यु होने वाले लगभग 800 से अधिक मर्ग का पोस्टमार्टम कराया है। इसमें करीब 267 सर्पदंश से मृत्यु होने की पुष्टि की गई है। पुलिस जांच टीम श्री सोनवानी को प्रतिदिन तलब कर उसके लगातार सर्पदंश से मृत्यु की प्रकरणों के संबंध में पूछताछ कर बयान दर्ज कर रही है। इस तरह दर्ज 15 मामले में विवेचक पुलिस अधिकारियों से भी पूछताछ कर बयान दर्ज किया जा रहा है।

### पहले भी जेल भेजे जा चुके हैं तीन आरोपी

सिविल लाइन थाना के दो फर्जी सर्पदंश के मामले में पुलिस ने पूर्व में वकील कांता साहू, आश्रित परिजन तालापारा शिवकुमारी यादव, गवाह उसकी बहन दामिनी यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## 22 जुलाई को होगी मामले की अंतिम सुनवाई



उसलापुर स्टेशन में बनाया गया गुड्स शेड।

# उसलापुर गुड्स शेड में बुनियादी सुविधाओं की कमी के मामले में हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर का माल गोदाम शेड बंद कर उसलापुर में प्रारंभ करने के निर्णय के खिलाफ लगी मजदूर यूनियन और ट्रक मालिक संघ की दो याचिकाओं पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के पिछले आदेश के अनुरूप कलेक्टर द्वारा एक टीम गठित करके उसलापुर माल गोदाम में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर मांगी गई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।



हाईकोर्ट की पिछली सुनवाई में जस्टिस एके प्रसाद ने उसलापुर माल गोदाम शेड में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की जांच के लिए कलेक्टर को एक कमेटी गठित करने का निर्देश दिया था और यह रिपोर्ट 13 जुलाई तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इस आदेश के परिपालन में कलेक्टर बिलासपुर ने नगर निगम कमिश्नर की अध्यक्षता में रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक और पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता की टीम बनाई थी। इस टीम द्वारा आज हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में यह बात साफतौर पर स्वीकार की गई है कि कई बुनियादी सुविधाओं का उसलापुर गुड्स शेड में नितांत अभाव है। वहां पर शेड और गोदाम ही नहीं है तथा दूसरी ओर ट्रकों के घूमने की जगह नहीं है, साथ ही साथ जल भराव की स्थिति में ड्रेनेज आदि का पूरा अभाव है । वहीं जो एप्रोच रोड है उसे मरम्मत की आवश्यकता है। इसके अलावा मजदूरों के बैठने नहाने आदि के लिए जो रूम है वह बिलासपुर छोर पर एक किलोमीटर दूर है तथा उसलापुर छोर पर अभी यह काम अधूरा है। उसलापुर गोदाम शेड में जीरो लेवल प्लेटफॉर्म का उल्लेख भी है। आज हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने गुड्स शेड क्षेत्र के कुछ फोटोग्राफ भी प्रस्तुत किया, जिसमें वहां सुविधाओं का अभाव साफ दिख रहा था। याचिकाकर्ताओं की ओर से जोर देकर कहा गया कि रेलवे लगातार न्यायालय को गुमराह करने वाले बयान दे रहे हैं और गलत जानकारियां प्रस्तुत कर रही है। इसका रेलवे की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने विरोध किया और कहा कि नहीं हमने बुनियादी सुविधाएं निर्मित की है। याचिका में हस्तक्षेप याचिका दायर करने वाले संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रफुल्ल भारत में भी कहा कि वह अपना जवाब इस मामले में प्रस्तुत करना चाहते हैं इसलिए उनके हस्तक्षेप याचिका स्वीकार की जाए, जिससे उच्च न्यायालय ने याचिका के समर्थन में इस हस्तक्षेप याचिका को स्वीकार कर लिया। सुनवाई के बाद जस्टिस एके प्रसाद ने कहा कि सभी पक्ष 22 जुलाई के पहले और जो भी दस्तावेज आदि प्रस्तुत करना चाहते हैं वह प्रस्तुत कर दें। 22 जुलाई को इस मामले की अंतिम सुनवाई की जाएगी।

## कटाई के पहले वन विभाग ने स्वाइल एंड मॉइश्चर कंजर्वेशन प्लान मांगा

# केंदा-कारीआम के बीच रोकी गई 8 हजार पेड़ों की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंदा से कारीआम के बीच पांच किलोमीटर लंबाई में बनाई जाने वाली फोरलेन सड़क के बीच आने वाले 8 हजार पेड़ों की कटाई का मामला एक बार फिर विवादित हो गया है। वन विभाग ने कटाई से पहले लोक निर्माण विभाग से वाईल्ड लाईफ मिटिगेशन प्लान एवं स्वाइल एंड मॉइश्चर कंजर्वेशन प्लान की जानकारी मांगी है। दोनों ही विषयों पर वन मुख्यालय से एनओसी मिलने के बाद ही कटाई का काम शुरू किया जा सकेगा।

■ लोक निर्माण विभाग को वन मुख्यालय से दो बिंदुओं पर फिर लेनी होगी एनओसी

लोक निर्माण विभाग के नेशनल हाईवे संभाग द्वारा केंदा से कारीआम के बीच 218 करोड़ की लागत से बनाई जा रही फोरलेन सड़क पर प्रस्तावित पेड़ों की कटाई को लेकर उठापटक शुरू हो गई है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग को पहले बिलासपुर व मरवाही वनमंडल से एनओसी मिलने के बाद वन मुख्यालय रायपुर व हाईपावर कमेटी नागपुर से भी एनओसी प्राप्त हो चुकी थी। फोरलेन के लिए पेड़ों की कटाई प्रारंभ हो पाती इससे पहले ही वन मुख्यालय ने लोक निर्माण विभाग से वाईल्ड लाईफ मिटिगेशन प्लान एवं स्वाइल एंड मॉइश्चर कंजर्वेशन प्लान की भी मांग की है, जिसके अभाव में पेड़ों की कटाई फिलहाल नहीं की जा सकती। हालांकि जिन दो विषयों पर आपत्ति की गई है, उन दोनों ही विषयों पर छत्तीसगढ़ वन मुख्यालय द्वारा ही एनओसी जारी की जाएगी, लेकिन तब तक पेड़ कटाई की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जा सकेगी। लोक निर्माण विभाग का नेशनल हाईवे संभाग एनओसी प्राप्त करने में जुटा है।

### निर्माण के बाद 11 से घटकर केवल तीन मोड़ रह जाएंगे

केंदा से कारीआम के बीच आवागमन के दौरान वर्तमान में 11 खतरनाक मोड़ को पार करना पड़ता है। पहाड़ के ऊपर चढ़ाई करते हुए खतरनाक मोड़ पार करने के दौरान आए दिन सड़क पर भारी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हालत में नजर आ जाते हैं। फोरलेन सड़क बन जाने के बाद मार्ग के 11 खतरनाक मोड़ घटकर केवल तीन ही रह जाएंगे, जिससे मार्ग में आवागमन करना बेहद आसान हो जाएगा।

### पीडब्ल्यूडी ने किया 12.32 करोड़ का भुगतान

पांच किलोमीटर लंबाई वाली केंदा-कारीआम फोरलेन निर्माण के दौरान लोक निर्माण के सर्वे अनुसार 8 हजार 252 पेड़ों की कटाई करनी पड़ेगी। यह वनक्षेत्र बिलासपुर वनमंडल एवं मरवाही वनमंडल दोनों में आता है। लिहाजा लोक निर्माण विभाग के एनएच डिवीजन को मरवाही वनमंडल, बिलासपुर वनमंडल व कैंपा मद मिलाकर कुल 12 करोड़ 32 लाख रूपए का भुगतान किया गया है।

### एनओसी मिलने के बाद होगी कटाई

केंदा-कारीआम फोरलेन निर्माण के अंतर्गत वन मुख्यालय द्वारा वाईल्ड लाईफ मिटिगेशन प्लान एवं स्वाइल एंड मॉइश्चर कंजर्वेशन प्लान मांगा गया है। दोनों ही विषयों पर एनओसी वन मुख्यालय से ही प्राप्त होनी है, जिसके लिए प्रयास किया जा रहा है। दोनों विषयों पर एनओसी प्राप्त होने के बाद पेड़ों की कटाई प्रारंभ की जाएगी।

**-आरके खांबरा**, ईई नेशनल हाईवे डिवीजन


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI ▶ AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444




# हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम



प्रथम पुरस्कार वाशिंग मशीन — रजनी कौशिक

द्वितीय पुरस्कार इंडक्शन — कामिनी पटेल

तृतीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर — काव्या कौशिक

चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रिक आयरन — पूजा सिन्हा

## विशेष पुरस्कार 5



रेखा वर्मा | दिव्यांशी थवाईत | अदिती खरे | यूविका कश्यप | अपूर्वा कौशिक

## सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं के नाम (बिलासपुर)



निशु अवस्थी | सीमा राजपूत | सुनीता तिवारी | शैल अवस्थी | डॉ. सुलोचना कुर्रे | हरविंदर कौर खनूजा | वनशिखा यादव



अंकिता शर्मा | नंदिनी साहू | अंजू उपाध्याय | सुकृति साहू | लक्ष्मी मिश्रा | अनंविता सूर्यवंशी | चांदनी आसवानी



वैभवी गुप्ता | सतवंतीन कोसले | पायल आसवानी | प्रीति शर्मा | रीता मित्रा | वैभवी महानंद

## सांत्वना पुरस्कार जिला-मुंगेली



वैष्णवी शर्मा | श्रीकला शर्मा | तनुषा पटेल | स्वाति महोबिया | रोशनी पटेल

## सांत्वना पुरस्कार तखतपुर



रश्मि थवाईत | उर्वशी कौशिक | प्रतिभा शुक्ला | रजनी देवांगन | अदिति दुबे

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी... पढ़ते रहिए हरिभूमि...**

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## फूलों, कपड़ों से सजा रथ

रथयात्रा के लिए रथ फूलों, कपड़ों से आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया था। मंदिर परिसर भी फूलों की लड़ियों से सुशोभित हो रहा था। चारों तरफ उत्साह का माहौल था। उत्कल समाज के अध्यक्ष केके बेहरा ने बताया कि दशकों से शहर में पुरी की तर्ज पर जगन्नाथ रथयात्रा निकाली जा रही है। इस पूजा में हर साल श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है।





### जगन्नाथ मंदिर रेल्वे से निकाली गई भव्य रथयात्रा ❑ एसईसीएल अधिकारी महापात्रो ने पूरी की छेरापहरा की रस्म

# महाप्रभु की झलक पाने रथयात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

श्री जगन्नाथ सेवा समिति के तत्वावधान में रेलवे परिक्षेत्र स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से गुरुवार को बाजे-गाजे एवं कीर्तन की धुन के बीच भव्य रथयात्रा निकाली गई। यात्रा शहर भ्रमण करते हुए मौसी मां मंदिर जाकर समाप्त हुई। यहां महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को बैठाया जाएगा। फिर पूरे सात दिन तक भगवान के सम्मान में सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रथयात्रा श्री जगन्नाथ मंदिर से आरंभ होकर स्टेशन मार्ग, तारबाहर नाका, शिव टॉकीज चौक, गांधी चौक, दयालबंद, तोरवा होते हुए मौसी मां मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई।

**बिलासपुर।** रेल्वे परिक्षेत्र में जगन्नाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालु भक्तों में भारी उत्साह रहा। मंदिर में पूजा के बाद एक-एक कर जब महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को निकाला गया तो उनका दर्शन पाने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सबसे पहले भाई बलभद्र, फिर सुभद्रा मईया इसके बाद भगवान जगन्नाथ को रथ बिठाया गया। मंदिर से लाकर रथ में बैठाते समय श्रद्धालु भक्त पूरी श्रद्धा के साथ महाप्रभु पर फूलों की वर्षा कर जयकारे लगाते रहे। इससे पूरा माहौल जगन्नाथमय हो गया। भगवान को रथ में बैठाने के बाद पुनः विधि-विधान से पूजा की गई। राजा के वेश में एसईसीएल अधिकारी रमेश चंद्र महापात्रो ने छेरापहरा की रस्म पूरी की। रथ के चारों ओर झाड़ू लगा कर महाप्रभु की पूजा परिक्रमा की। महापौर पूजा विधानी सहित अन्य भक्तों ने भी रथ में पूजा परिक्रमा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष बीरबल प्रधान सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।



### रथ खींचने लगी रही होड़

रथयात्रा में भाग लेने सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। सभी लोगों ने भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का दर्शन लाभ लेते रहे। भगवान के मंदिर से निकलते तक महाप्रभु की एक झलक पाने सभी उनका बेसब्री से इंतजार करते रहे। रथ का रस्सा खींचने श्रद्धालुओं के बीच होड़ लगी रही। भीड़ इतनी कि रथ में लगे 50-50 फीट का दो रस्सा भी कम पड़ गया। फिर बारी-बारी से रस्सा खींचते रहे।



जूना बिलासपुर बनियापारा से बैलगाड़ी में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। सभी भक्तों ने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की। बताया जाता है कि जूना बिलासपुर के वैष्णव परिवार के सदस्यों द्वारा विगत 70 वर्षों से रथयात्रा निकाली जा रही है, जो कि शहर के मुख्य मार्ग गोल बाजार, सदर बाजार, चाटापारा से होते हुए वापस पहुंची। उल्लेखनीय है कि रथ को दो बैल द्वारा खींचा जाता है। जिसमें रस्सी नहीं होती है।





### महोत्सव में छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

सत्य साईं हेल्प वे श्रवण बाधित बालिका विद्यालय में चरणजीत सिंह गंभीर के मुख्य आतिथ्य में जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। अध्यक्षता राजेंद्र अग्रवाल राजू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सचिन यादव, लक्ष्मी अनंत, मनीष दत्त, रेखा मदन मोहन गुल्ला, राजू सुल्तानिया, प्रकाश जोशी, शीतल पटनवार, गुंजन अग्रवाल, ममता मिश्रा, शेफाली निर्मल घोष थे। वहीं हरिहर परिवार ने शाला प्रवेश उत्सव, जगन्नाथ रथ यात्रा पर्व गीत संगीत के साथ आयोजित किया। मुख्य अतिथि श्री गंभीर ने संस्था के लिए तीन माह का राशन सामग्री दी एवं अपनी संस्था रोटरी इंटरनेशल के माध्यम से संस्था के जीर्णोद्धार कराने हेतु आवश्यक पहल करने की बात कही। हरिहर आक्सीजोन के अनिल मुंदड़ा, संजीव तिवारी, नैतिक शाह, एलके गहवई, मनोज शाह, सतीश यादव ने सभी बच्चियों को कॉपी, पेन प्रदान कर स्वल्पाहार कराया। स्वाभिमान समाज कल्याण समिति ने पेड वितरण किया। जिसमे लता गुप्ता, किरण सिंह, गंगा साहू, रीता मिश्रा, ममता गुप्ता, मंजू ठाकुर का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन हरिहर परिवार के भुवन वर्मा, डॉ शंकर यादव, शिव सारथी ने किया। कार्यक्रम में मोना गणेश बोडके, संतोषी वर्मा, संध्या शिव सारथी, सिकंदर रजक, आरती अजय रजक, कृष्णा श्रीवास्तव, सतीश यादव, सुमित दास गुप्ता, गंगा साहू, सीमा पंकज कुम्भज, प्रीति चौहान, ममता गुप्ता, इनर व्हील के सदस्य, विद्यालयीन स्टाफ सहित हरिहर आक्सीजोन के सदस्य उपस्थित थे।

## भगवान जगन्नाथ पूरे ब्रह्मांड के पिता : स्वाति दीदी





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने रथ यात्रा के पावन अवसर पर इसके गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रकाश डाला और बताया कि जगन्नाथ का अर्थ 'जगत के नाथ' यानी पूरे ब्रह्मांड के पिता हैं। वे किसी एक धर्म या संप्रदाय के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याणकारी शिव परमात्मा हैं।

राजयोग भवन में आयोजित विशेष आध्यात्मिक सत्र को संबोधित करते हुए बीके स्वाति दीदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मनाए जाने वाले हर पर्व और उत्सव के पीछे गहरा आध्यात्मिक संदेश छिपा है। बलभद्र यह आत्मिक बल और पवित्रता के प्रतीक हैं। बिना आत्मिक बल के जीवन की नकारात्मकताओं से नहीं लड़ा जा सकता। सुभद्रा शुभ दृष्टि, शुभ भावना और कल्याणकारी वृत्ति की प्रतीक है। जब जीवन में पवित्रता का बल और सबके प्रति शुभ भावना का समावेश होता है, तभी हमारा जीवन जगन्नाथ के रथ पर सवार होने के योग्य बनता है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान जगन्नाथ का अपनी मौसी के घर जाना वास्तव में आत्मा का अपने मूल घर 'परमधाम' को याद करने का प्रतीक है। यह यात्रा हमें याद दिलाती है कि हम इस धरा पर कुछ समय के लिए आए मुसाफिर हैं और हमारा असली घर शांतिधाम है।

### रास्ते भर होता रहा प्रसाद वितरण

बरई चौरसिया समाज महिला मण्डल की सदस्यों ने भगवान जगन्नाथ के सम्मान में खिचड़ी, सेव, बूंदी, केला, बिस्किट व टॉफी का वितरण प्रसाद के रूप में किया। मण्डल की अध्यक्ष अर्चना तंबोली ने बताया कि लगभग पांच हजार लोगों ने उनके स्टाल से प्रसाद ग्रहण किया।



प्रसाद वितरण कार्य में अर्चना, सुषमा, जयश्री, अनिता तंबोली, अनिता थवाईत, विद्या, सरोज, प्रीति, सुनीता, किरण, चंदा, प्रतिमा, अमिता, शिखा, मोनिका, अजय थवाईत का सहयोग रहा। अन्य लोगों ने भी रास्ते भर स्टाल लगा कर हलुवा, मीठा चावल का प्रसाद के रूप में वितरण करते रहे।

### जागरूकता

## डॉ.रजनीश के जन्मदिन पर नवग्रह वाटिका में किया गया पौधरोपण



**बिलासपुर।** शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान प्रथम हॉस्पिटल एवं आराध्या हॉस्पिटल के संचालक डॉ. रजनीश पांडे के जन्मदिवस पर निखिल कुंज गौ सेवा समिति द्वारा लखराम स्थित नवग्रह वाटिका में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर स्वामी वासुदास महाराज के सानिध्य में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के छायादार और औषधीय पौधे रोपे गए। जन्मदिवस को प्रकृति सेवा से जोड़ने की इस पहल की सराहना करते हुए स्वामी वासुदास ने कहा कि वृक्षारोपण ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। कार्यक्रम में डॉ. रजनीश पांडे, राम प्रसाद साहू, शत्रुघ्न कुंभकार, शुभम, सुंदरलाल साहू, मैत्री सहित क्षेत्र के कई वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा समाज को सकारात्मक संदेश देना रहा। उपस्थित सभी नागरिकों ने न केवल नए पौधे लगाने बल्कि उनके बड़े होने तक उनकी पूरी देखभाल करने का भी सामूहिक संकल्प लिया। डॉ. पांडे ने इस रचनात्मक पहल के लिए समिति के सभी सदस्यों और उपस्थित जनों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

### कार्यक्रम

## गर्भवती महिलाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया जागरूक



**बिलासपुर।** महिला, बाल विकास विभाग एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' एवं गोदभराई कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रेरित व जागरूक किया गया। परियोजना अधिकारी किरण सिंह, सुपरवाइजर मनप्रीत सिंह चावला एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के विशेष सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रेरित व जागरूक किया गया। कार्यक्रम नंदिनी पाटनवार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में योगिता साहू, डॉ प्रियंका नेताम, सुजाता मानेक, कनक लता का विशेष योगदान रहा।

### आयोजन

## सत्र का कार्य बेहतर तरीके से करने दिया मार्गदर्शन



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति व ज्योत्सना ने संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि डिसट्रिक्ट गवर्नर रिपुदमन पुसरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व डीजी प्रीतपाल बाली, प्रथम वाईस डीजी पवन अग्रवाल, द्वितीय डीजी अनिल अग्रवाल, शपथ अधिकारी रीजन चेयरपर्सन शैलेश अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन एम आशा, नितिन सलूजा, दिनेश अग्रवाल, मोहन छाबड़ा थे। स्वागत भाषण एम आशा, अरविन्द वर्मा, कृष्ण स्तुति, राधिका पाखी, ध्वज वंदना, डॉ दीपक गुप्ता, धन्यवाद ज्ञापन, मंच संचालन डॉ आराधना दास व डॉ दीपिका ने किया।

### कार्यक्रम

## लायंस क्लब वसुंधरा का शपथ ग्रहण,कार्यकारिणी का विस्तार



**बिलासपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल 3233 सी वसुंधरा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। अध्यक्ष पीएमजेएफ संजना मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रथम मंगला देवरस, द्वितीय हंसा सेलारका, तृतीय मंगला कदम सचिव मंजू मिश्रा, सह सचिव रत्ना खरे, कोषाध्यक्ष गायत्री कश्यप, सह कोषाध्यक्ष डॉक्टर अंबुज पांडे, टेमर उषा मुद्लियार, टेल ट्विस्टर एवं पीआर ओ किरण बाजपेई शारदा कश्यप, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर अर्चना तिवारी, क्लब डायरेक्टर सलमा बेगम चांदनी सक्सेना,क्लब कोऑर्डिनेटर मंजू तिवारी सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने शपथ ली। मुख्य अतिथि डिसट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ, रिपू दमन सिंह, विशिष्ट अतिथि फर्स्ट वाइस डिसट्रिक्ट गवर्नर पवन मलिक, सेकंड वाइस डिसट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ अनिल अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन, अर्चना तिवारी, जोन चेयरपर्सन, डॉ रश्मि लता मिश्रा, रीजन एडवाइजर एमजेएफ, नितिन सलूजा मौजूद थे।

# माँ षोडशी व माँ त्रिपुर भैरवी के स्वरूप में पूजा, बताए गए यज्ञ के चमत्कारी लाभ

**कार्नर न्यूज**

सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्रि का महापर्व पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नवरात्र के दूसरे दिन सर्वप्रथम प्रातः 5 श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, श्रृंगार किया गया।





**बिलासपुर।** श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, श्री महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक, मर्यादा पुरुषोत्तम परमब्रम्ह श्री रामचंद्र जी का पूजन श्रृंगार, सिद्धिविनायक जी का पूजन श्रृंगार किया जा रहा है।

इसी कड़ी में रात्रि 8 बजे से लेकर 12:30 तक श्री पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ निरंतर चलता रहता है तत्पश्चात रात्रि 12:30 बजे महाआरती के साथ पूजन संपन्न होता है। पीतांबरा पीठाधीश्वर में नवरात्रि के विशेष दिनों पर माँ ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का तीसरी महाविद्या माँ षोडशी और चौथी महाविद्या माँ त्रिपुरभैरवी के अलौकिक स्वरूपों में विशेष पूजन, दिव्य श्रृंगार और गुप्त आराधना की जाएगी। पीतांबरा पीठाधीश्वर महाराज श्री ने बताया कि तीसरी महाविद्या माँ षोडशी 16 कलाओं से पूर्ण साक्षात सुख और आनंद की देवी हैं। माँ षोडशी की कृपा से जीवन से दरिद्रता हमेशा के लिए चली जाती है। साधक को धन, मान-सम्मान, भौतिक सुख और एक प्रभावशाली व्यक्तित्व मिलता है। यह देवी जीवन के सारे सुख भी देती हैं और अंत में मोक्ष का मार्ग भी प्रशस्त करती हैं। इनके आशीर्वाद से अशांत मन को परम शांति मिलती है। माँ त्रिपुर भैरवी का महात्म्य चौथी महाविद्या माँ त्रिपुर भैरवी को हर प्रकार के भय और संकटों को मिटाने वाली देवी माना गया है। माँ त्रिपुर भैरवी साधक के भीतर से हर तरह का डर, घबराहट और हीनभावना खत्म कर देती हैं। हर काम में आने वाली रुकावटें और तंत्र-बाधाएं इनके प्रभाव से तुरंत दूर होती हैं। इनकी पूजा से व्यक्ति के भीतर विपरीत परिस्थितियों से लड़ने का गजब का साहस पैदा होता है और उसे हर क्षेत्र में सफलता मिलती है।

### यज्ञ को सबसे उत्तम कर्म माना गया

पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि हमारे शास्त्रों में यज्ञ को सबसे उत्तम कर्म माना गया है। इसका मुख्य उद्देश्य इंसानी जीवन, प्रकृति और ईश्वर के बीच एक सीधा संबंध जोड़ना है। जब हम पवित्र मंत्रों के साथ अग्नि में आहुति देते हैं, तो वह सामग्री सूक्ष्म होकर पूरे वातावरण में फैल जाती है। यह एक ऐसा पावन अनुष्ठान है जो तन, मन और पर्यावरण तीनों को एक साथ पवित्र करता है। यज्ञ की दिव्य अग्नि साधक के बुरे कर्मों के प्रभाव को कम करती है और कुंडली के अशुभ ग्रहों के बुरे असर को खत्म करती है। यज्ञ में इस्तेमाल होने वाली पवित्र जड़ी-बूटियों और शुद्ध घी के धुएं से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है, जिससे हानिकारक कीटाणु नष्ट होते हैं और घर-परिवार से बीमारियां दूर रहती हैं। मंत्रों की गूंज और यज्ञ की लपटें सीधे हमारे मन पर असर डालती हैं, जिससे तनाव और डिप्रेशन दूर होता है और मन में सकारात्मक विचार आते हैं। इस पावन यज्ञ की पवित्र अग्नि का दर्शन करने मात्र से ही इंसान के भीतर की नकारात्मक ऊर्जा जल जाती है और उसका सोये हुए भाग्य का उदय होता है।

## खबर संक्षेप

### सर्प दंश से बचाव के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी

**मुंगेली।** बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। खेत-खलिहानों, झाड़ियों, नमी वाले स्थानों तथा घरों के आसपास सांप निकलने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने और सर्पदंश की स्थिति में बिना समय गंवाए पीड़ति को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या अस्पताल पहुंचाने की सलाह दी गई है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में बारिश के दिनों में घरों और आसपास निकलने वाले सर्प के रेस्क्यू के लिए वन विभाग द्वारा सर्प बचाव दल का गठन किया गया है। मुंगेली विकासखण्ड के लिए हेल्पलाइन नम्बर 6263452782, 7974018627 और लोरमी विकासखण्ड के लिए 9669049793, 9285442276 जारी किया गया है, जिसमें कॉल कर आवश्यक सहायता के लिए त्वरित जानकारी दे सकते हैं।

## निधन

### रूखमणि पाण्डेय



**बिलासपुर।** ग्राम बैंमा निवासी रूखमणि पाण्डेय का 16 जुलाई को निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम बैंमा में किया गया। वे पंडित महंत राम पाण्डेय की पत्नी, परमेश्वर, ध्रुव, नंदनी और वंदनी की माता थीं।

### सुरेन्द्र सिंघ टुटेजा



**बिलासपुर।** टिकरापारा दयालबंद निवासी सुरेन्द्र सिंघ टुटेजा (वस्त्रलोक वाले) सुपुत्र स्वर्गीय इन्दर सिंघ टुटेजा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 जुलाई शुक्रवार को दोपहर में निज आवास टिकरापारा दयालबंद से मधुबन मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे मनदीप सिंघ और नवदीप सिंघ के पिता थे।

### श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ खींचा रथ, भगवान का लिया आशीर्वाद

# नगर भ्रमण पर निकले महाप्रभु जगन्नाथ



भगवान जगन्नाथ की रथ खींचते श्रद्धालु।

**मुंगेली।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। लोगों ने श्रद्धा व भक्ति के साथ भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना करते रहे। नगर में आज रजदूतियां का पर्व मनाया गया। श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा रथयात्रा का पूजा अर्चना कर रथ यात्रा में शामिल हुए।

श्री जगन्नाथ सेवा समिति द्वारा आज शहर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजक श्री जगन्नाथ सेवा समिति द्वारा आयोजित भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मां वैष्णवी मंगलम से प्रारंभ होकर दाऊपारा चौक, पुलपारा, पुराना बस स्टैंड, पड़ाव चौक, बीआरसाव स्कूल, नया बस स्टैंड चौक, सिन्धी कॉलोनी चौक, शंकर मंदिर मल्लाह पारा, बालानी चौक, गोल बाजार, गर्ल्स स्कूल रोड, बड़ा बाजार, स्टेट बैंक, सामुदायिक भवन, रेस्ट हाउस होते हुए अंत में महामाया मंदिर, दाऊपारा में विश्राम हुई। समिति द्वारा आयोजित इस रथयात्रा में शहर के सभी धर्मप्रेमियों ने बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर भगवान जगन्नाथ की कृपा प्राप्त की और पुण्य लाभ अर्जित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर रथ को आगे खींचने की होड़ मची हुई थी।

### जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा सीपत

**सीपत।** क्षेत्र में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में जय जगन्नाथ के जयघोष से भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। सीपत के रामबाड़ा चौक स्थित गुप्ता मोहल्ले में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं रामायण पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।



इसी अवसर पर बस स्टैंड प्रभातफेरी टोली के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर जय जगन्नाथ और धार्मिक जयघोष करते हुए पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया तथा जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। रथयात्रा के साथ ही रजुतिया पर्व के अवसर पर प्रभातफेरी टोली की वर्षगांठ (स्थापना दिवस) भी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान टोली के सदस्यों ने समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बसस्टैंड के शोभायात्रा कार्यक्रम में अश्वनी गुप्ता, संतोष गायकवाड़, रमेश विश्वकर्मा, रामनाथ गुप्ता, रामखिलावन वर्मा, राम साहू, सिक्कू गुप्ता, मनबोध यादव सहित प्रभातफेरी टोली के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन ने सीपत क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को नई ऊर्जा प्रदान की।



डॉक्टरों की बैठक लेती सीएमएचओ।

## सीएचएचओ ने ली डाक्टरों की बैठक

**मुंगेली।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की बैठक ली। बैठक में मुलाहिजा रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया को अधिक सटीक, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

सीएमएचओ ने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि सभी मुलाहिजा रिपोर्ट के प्रकरणों में निर्धारित दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई न आए तथा आम नागरिकों को बेहतर एवं पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। उन्होंने यह भी कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष एवं तथ्यपरक परीक्षण किया जाए। बैठक में चिकित्सकों ने भी मुलाहिजा रिपोर्ट तैयार करने से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं पर अपने सुझाव साझा किए तथा भविष्य में रिपोर्ट लेखन की गुणवत्ता, सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखने का भरोसा दिलाया। बैठक में जिला चिकित्सालय के आरएमओ डॉ. संदीप पाटिल, पैथोलॉजिस्ट डॉ. के.एस. कंवर, बेहोशी विशेषज्ञ डॉ. शिव पाल सिंह सिदार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेश खाण्डे सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से जिले में मुलाहिजा रिपोर्टिंग व्यवस्था को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और मानक अनुरूप बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

### रथ खींचकर पुण्य के भागी बने लोग



**मल्हार।** नगर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। स्कूल चौक, मेला चौक, गढ़ चौक, इमलीपारा चौक सहित कई मोहल्लों के युवकों ने रथयात्रा निकाली जिसका स्वागत घर के सामने महिलाओं ने पूजन कर भगवान से आशीर्वाद लिया। आषाढ़ शुक्लपक्ष के दूज तिथि को प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले इस त्यौहार का इंतजार सभी को होता है। आज के दिन होने वाली बारिश को फसल के लिए शुभ संकेत भी माना जाता है। इस बार अनुमान से कम बारिश हुई और आसमान में दिनभर बादल छाए रहने से मौसम सुहाना रहा। शाम होते ही यहां भगवान जगन्नाथ के आराधना में लोग लगे रहे और रथ खींचकर पुण्य के भागी बने।

### दर्शन करने लगी श्रद्धालुओं की भीड़



**लोरमी।** नगर के शिवघाट स्थित मंदिर प्रांगण से भगवान जगन्नाथ रथयात्रा पुरे वैदिक रीति रिवाज के साथ महंत विवेक गिरी महराज के सानिध्य में प्रारंभ हुई। शिवघाट शिवमन्दिर प्रांगण से प्रारंभ हुई यात्रा ब्राह्मण पारा होते हुए फव्वारा चौक, मुंगेली चौक, पुराना बस स्टैंड होकर गंतव्य स्थान में पहुँची। पुरुषों ने रथ खींचकर परम्परा का निर्वहन किया। महिलाओं ने बड़ी संख्या में हाथों में झाड़ू लेकर छेरापहरा करती नजर आई। इस दौरान बड़ी संख्या में रथयात्रा दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। वहीं ग्राम पाली के पालेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण से जगन्नाथ रथयात्रा गाँव में निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ दर्शन करने उमड़ पड़ी।

### हिर्री में निकाली गई रथयात्रा



**मस्तूरी।** समीपस्थ ग्राम हिर्री में भगवान जगन्नाथ उनके भाई बलभद्र,और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। पंडित ओम शंकर शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना का कार्य सम्पन्न कराया गया। रथ यात्रा हेतराम पटेल के घर से रामभवन होते हुए बस्ती में भ्रमण कराया गया। इस दौरान जगह-जगह पर महिलाओं द्वारा आरती सजाकर पूजा अर्चना हुई। गांव के वरिष्ठ नागरिक गोवर्धन प्रसाद साहू ने बताया कि ग्राम हिर्री में लगभग 50 वर्षों से अधिक समय से रथयात्रा निकाले जा रही है जो अनावरत जारी है। रथयात्रा प्रेम, आशा ,भक्ति, विश्वास, समर्पण का प्रतीक है।

### आयुष भाजपा युवा मोर्चा के कवर्धा जिला प्रभारी नियुक्त



**तखतपुर।** छात्र नेता एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष आयुष सिंह ठाकुर को भाजपा युवा मोर्चा कवर्धा जिला का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस पर आयुष सिंह ठाकुर ने पार्टी संगठन का सहृदय आभार जताया व कहा कि संगठन ने जो दायित्व दिया है उसको पूर्ण निष्ठा से निभाउंगा व सदैव पार्टी संगठन हित में कार्य करूंगा।

## धर्मजीत बोले- चार वर्षों से ठप पड़ी डायवर्सन की प्रक्रिया

**तखतपुर।** विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान स्थानीय विधायक धर्मजीत सिंह ने नगर पालिका क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले चार वर्षों से ठप पड़ी डायवर्सन की प्रक्रिया का मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन को बताया कि नगर ग्राम निवेश अधिनियम की धारा 16 लागू होने की वजह से विकास कार्य और निजी निर्माण पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं।गरीबों और आम जनता को हो रही भारी परेशानी हो रही है।



विधायक धर्मजीत ने कहा कि डायवर्सन की प्रक्रिया पूरी तरह बंद होने से स्थानीय निवासियों को होम लोन मिलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण लोग अपने आशियाने का निर्माण नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि डायवर्सन न होने से न तो लोगों को अपने घर बनाने के लिए नगर पालिका से अनुमति मिल पा रही है और न ही शासन से मिलने वाली आर्थिक मदद या राशि उन्हें मिल पा रही है। यह समस्या केवल तखतपुर तक सीमित नहीं है, बल्कि पड़ोसी क्षेत्र कोटा में भी यही स्थिति बनी हुई है। दोनों क्षेत्रों के पीड़ित लोग लगातार इस समस्या को लेकर गुहार लगा रहे हैं।धर्मजीत ने बताया कि उन्होंने इस गंभीर जनसमस्या को लेकर सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी लगाया है और विभाग के संबंधित मंत्री से मांग की है कि इस प्रतिबंधात्मक प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए ताकि प्रभावित क्षेत्रों में डायवर्सन पुनः शुरू हो सके और लोग अपने मकान बना सकें। विधायक द्वारा तखतपुर और कोटा की इस गंभीर समस्या को सदन के पटल पर रखने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस पर संज्ञान लिया।

## अटल ने उठाया डीएपी और डीजल की उपलब्धता पर सवाल

**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा सत्र के दौरान किसानों को डीएपी उर्वरक एवं डीजल की उपलब्धता पर प्रश्न उठाया।



अटल श्रीवास्तव ने पूछा क्या किसानों को मांग अनुरूप डीएपी की उपलब्धता हो रही है। क्या किसानों को कृषि कार्य हेतु डिब्बे एवं जेरीकेन में डीजल प्रदान किया जा है। अटल श्रीवास्तव के प्रसन्न पर कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने बताया कि किसानों को 60% मात्रा में डीएपी उर्वरक एवं शेष मात्रा में वैकल्पिक उर्वरक एनपीके एसएसपी एवं नैनो डीएपी उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों को कृषि कार्य हेतु डीजल की सुचारू रूप से उपलब्ध उपलब्ध करवाया जा रहा है।

**कोटा में हफ्तों तक बिजली बंद-** अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा में कोटा विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों में हफ्तों तक बिजली बंद होने एवं प्रतिदिन 10 घंटे तक बिजली अवरोध होने की समस्या को ध्यानाकर्षित किया। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि अधिकारी की निष्क्रियता एवं संसाधनों की कमी से कोटा में सुचारू विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। किसान व्यापारी विद्यार्थी बच्चे सहित समस्त क्षेत्रवासी अघोषित बिजली कटौती से परेशान है समस्त क्षेत्रवासीयो में शासन के प्रति भारी रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम संजय अग्रवाल पिता नरसिंह लाल अग्रवाल अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम संजय कुमार अग्रवाल पिता नरसिंह लाल अग्रवाल, पता - D 7, D8, D9 रायपुर रोड, वार्ड क्र. 07 रामावर्ड कालोनी तिफरा, होटल पैट्रीशियन्स के सामने बिलासपुर (छ.ग.) रख दिया हूं

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम संजय कुमार अग्रवाल पिता नरसिंह लाल अग्रवाल से जाना एवं पहचाना जाए।

**शपथकर्ता**
**संजय कुमार अग्रवाल**
**पता - D7, D8, D9**
**रायपुर रोड, वार्ड नं. 07, रामावर्ल्ड कालोनी तिकरा, होटल पैट्रीशियन्स के सामने बिलासपुर (छ.ग.)**

### समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर छ.ग.
**// शपथ पत्र //**

मैं तुलसी राम मरकाम उम्र-55 वर्ष पिता श्री भादूराम मरकाम निवासी क्या नं 38 उरी बही अमलेश्वर सांकरा दुर्ग जिला दुर्ग ड.ग. का हूँ जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ।

1/ यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूँ

2/ यह कि मेरे आधार नं 6971 3438 4179 एवं पैन कार्ड नं BIHPM0530P मेरा नाम तुलसी राम मरकाम लिखा व दर्ज है जबकि मेरे पुलिस सर्विस बुक में त्रुटिवश नाम तुलसी राम धुर्वे लिखा व दर्ज हो गया है।

2/ यह कि मेरे पुलिस सर्विस बुक ने दर्ज नाम तुलसी राम धुर्वे के स्थान पर तुलसी राम मरकाम लिखा व दर्ज किया जावे एवं उक्त नाम मेरे पुलिस सर्विस बुक में सुधार कर लिखा व दर्ज किया जावे।

3/ यह कि भविष्य में मुझे तुलसी राम मरकाम के नाम से जाना व पहचाना जावे।

4/ यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनो के समर्थन में निष्पादित कर रहा हूँ।

**तुलसी राम मरकाम**
**शपथकर्ता**

**// सत्यापन //**

मैं तुलसी राम मरकाम उम्र 55 वर्ष पिता श्री भादूराम मरकाम उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथपत्र कि कंडिका 1 से 4 तक लिखी गई बाते मेरे स्वयं कि जानकारी से सही एवं सत्य है। जिसे आज दिनांक 13 जुलाई 2026 को स्थान बिलासपुर में पढ़ व समझकर सत्यापित करता हूँ।

**तुलसी राम मरकाम**
**शपथकर्ता**

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 22/06/2026

ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोपका प.ह.नं.29 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 531/9 रकबा 0.007 हेक्टेयर/एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदिका अम्बिका प्रसाद पिता/पति बीरबल निवासी मोपका द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 27.07.26 को सुबह 11.00 स्वंय अथवा अपने प्राधिकृत के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 22.06.2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मुकेश कुमार सोनवानी पिता लतेल दास सोनवानी एवं निहारिका सोनवानी पति मुकेश कुमार सोनवानी के द्वारा मौजा मंगला, प.ह.नं. 35, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 1596/9 ले- आऊट नंबर ए-2 स्तार क्र. 36/18, भूखण्ड क्र. 82/5 क्षेत्रफल 1980 वर्गफीट की भूमि को विक्रेता अनिल कुमार शर्मा पिता स्व. श्री सी.डी.शर्मा, निवासी डी/12, श्री श्री लीलावती स्ट्रीट नंबर 02, एम्स हॉस्पिटल के पास टाटीबंध तेलीबांधा, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वाले से क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम राशि का भुगतान किया जा चुका है, तथा निकट समय पर रजिस्ट्री होना तय है, यदि उक्त ले आउट शुदा भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय/ बैंक को किसी भी कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे दिये गये कार्यालय पते पर मय दस्तावेज सहित अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

सो सूचना जाने।
दिनांक 15.07.2026
बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**(प्रमोद कुमार कश्यप)**
**अधिवक्ता**
**तहसील अधिवक्ता बैठक कक्ष क्र. 02**
**नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9755061270**
**क्रेता :- मुकेश कुमार सोनवानी**
**मो.नं. 9630593736**

### न्यायालय तहसीलदार बोदरी
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ:**-जिला-**बिलासपुर** तहसील-**बोदरी** प.ह.नं.-00010 **रहंगी** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**CT202526401202900063**

**ईश्तहार**

तहसील बोदरी के प.ह.न. 00010 के अंतर्गत ग्राम **रहंगी** के वर्तमान भूमिस्वामी **पिता/पति-पता-** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1123/11(0.0630) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **श्रीमती मनोरमा शर्मा पिता/पति श्री अनिल शर्मा पता-सीपत रोड बिलासपुर** के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय तहसीलदार बोदरी** पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/07/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**तहसील-बोदरी**

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम: अंजलि दीनदयाल कनौजे पिता/पति: दीनदयाल कनौजे अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम: अंजलि हर्ष शर्मा पिता/पति: हर्ष शर्मा निवासी/पता: ग्रीन पार्क कॉलोनी, महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ रख लिया हूँ।

अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम: अंजलि हर्ष शर्मा पिता/पति: हर्ष शर्मा से जाना एवं पहचाना जाये।

**शपथ कर्ता:**
**अंजलि हर्ष शर्मा**
**ग्रीन पार्क कॉलोनी,**
**महाराणा प्रताप चौक,**
**बिलासपुर, छत्तीसगढ़**

### न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-6 अ/2025-26,
ग्राम परसदा, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम परसदा प.ह.नं.47 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार पिता सौतार राम निवासी वेयर हाउस रोड बिलासपुर तहसील बिलासपुर छ.ग. तहसील सकरी जिला बिलासपुर द्वारा लेख किया गया है कि मौजा परसदा प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित ख.नं. 365/6 रकबा 0.25 ए. भूमि वर्तमान ऑनलाइन रिकार्ड में अजय गोस्वामी पिता लक्ष्मण गोस्वामी का नाम दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। यह कि उक्त भूमि को आवेदक के द्वारा अजय गोस्वामी पिता लक्ष्मण गोस्वामी दिनांक 24.03.2012 को क्रय कर आवेदक के नाम पर विधिवत नामांतरण क्र. 66 वर्ष 2011-12 है। यह कि उक्त भूमि वर्तमान ऑफलाइन राजस्व अभिलेख में आवेदक नरेश कुमार पिता सौतार राम के नाम पर दर्ज है। यह कि उक्त भूमि आवेदक के हक व स्वामीत्व की भूमि है, आवेदक उक्त भूमि पर वर्तमान में काबिज कास्त है। अतः आवेदित भूमि वर्तमान में आवेदक के नाम पर ऑनलाइन रिकॉर्ड में अजय गोस्वामी पिता लक्ष्मण गोस्वामी दर्ज है जिसे दुरूस्त कर आवेदक नरेश कुमार पिता सौतार राम के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 29/07/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सतीश कुमार कौशिक पिता प्रेमनारायण कौशिक निवासी मकान नं. 223, झूलन चौक, चनाडोंगरी, बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अधिकृत कर निर्देश दिये जाने पर यह सूचना प्रकाशित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमति पूर्णिमा कश्यप पति राम कुमार कश्यप निवासी अंजोरपाली, भैंसमा, जिला कोरबा (छ.ग.) की परिवर्तित भूमि स्थित ग्राम अमेरी, प.ह.नं. 43, नगर पालिका निगम बिलासपुर के अंतर्गत, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) की खसरा क्र. 17/32, रकबा 1800 वर्गफुट, परिवर्तित शीट नं. 2/19, प्लाट नं. 297, परिवर्तित लगान रु. 1134.00 पैसे, जिसकी चौहद्दी पूर्व में संदीप शर्मा की भूमि, पश्चिम में निस्तारी रास्ता, उत्तर में प्रहलाद कोरी की भूमि दक्षिण में निस्तारी रास्ता है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का पक्का सौदा कर टोकन राशि का भुगतान किया जा चुका है। उक्त भूमि के स्वामित्व एवं कब्जे पर किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को कोई आपत्ति हो तो 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपने समस्त मूल दस्तावेज सहित कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। मेरा पक्षकार अविलम्ब उक्त भूमि का बिक्री पत्र पंजीयन करावेगा। 7 दिवस के पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार को बंधनकारी नहीं होगा। सूचना जाने।

दि. 15.7.2026
बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**प्रशांत गुप्ता (अधिवक्ता)**
**भाजपा कार्यालय के सामने, करबला रोड, पुष्पांजली नगर, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल : 9303060003**

### आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मैं अपनी पक्षकार की ओर से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरी पक्षकार ने एक व्यवहार वाद माननीय व्यवहार न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ में दायर की है जिसका व्यवहार वाद क्र. 68-ए, /26 है। जिसमें मेरी पक्षकार ने माननीय न्यायालय में स्वत्व की घोषणा स्थायी निषेधाज्ञा एवं तहसीलदार बिलासपुर के आदेश क्र.MD 2021-22-400108400019 दिनांक 11.01.21 नामांतरण क्रमांक CT 2023-24-400108400096 दिनांक 17.03.24 एवं रा.प्र.क्र.202007072500024/अ-6/ 19-20 आदेश दिनांक 04.04.2022 को निरस्त किए जाने एवं शून्य घोषित किए जाने तथा हुए निर्माण को तोड़कर कब्जा प्रदान किए जाने के ठोस व मजबूत दावा की है। दावा की कुल संपत्ति का विवरण इस प्रकार है:-

मूल ख.नं. 746 (746/1, 746/2) रकबा क्रमशः (0.3430 हे., 0.0080 हे.)। मूल ख.नं. 832 (रकबा 2.57 एकड़) बटांकन पश्चात 832/1,832/2,832/3 रकबा क्रमशः 0.4250 हे., 0.1420 हे., 0.4050 हे. है। इसी प्रकार मूल खसरा 834 रकबा कुल 1.18 ए., मूल खसरा 719, रकबा कुल 0.05 ए., मूल खसरा 705 रकबा कुल 1.80 ए., मूल खसरा 765 रकबा कुल 2.64 एकड़। उक्त सम्पूर्ण जायदाद जूना बिलासपुर, प.ह. जूना बिलासपुर, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग.में स्थित है।

चूंकि उक्त सम्पति मूल्यवान है, तथा मेरी पक्षकार की अनुपस्थिति में गलत ढंग से तथाकथित लोगों द्वारा उक्त सम्पत्ति का गलत अन्तरण करा किया गया है और उक्त सम्पति को बेचने का प्रयास एवं दुस्साहस कर रहे हैं।

उक्त सम्पत्तियाँ अवैध रूप से अंतरित हुई है इसलिए अवैध भूमिस्वामियों से अर्थात कागजी भूमि स्वामियों से कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम, कम्पनी, फर्म, NGO, बैंक, क्रय न करें और न ही किसी से क्रय किए जाने संबंधी संविदा/करार/इकरारनामा/ या बातचीत भी न करें। यह भी ध्यान रखा जाए कि विक्रेता/अवैध भूमि स्वामी झूठे दस्तावेजों के आधार पर प्रलोभन दे सकता है। इससे आप आम व खास जन सावधान रहें। यदि इसके बावजूद भी कोई भी उक्त व्यक्ति संस्था इत्यादि उक्त भूमियों की या उसके किसी भी अंशभाग की खरीदी करता है, तो ऐसा संव्यवहार प्रारंभ से अकृत, शून्य व अवैध माना जावेगा तथा इससे उत्पन्न संपूर्ण नुकसानी व दुखद परिणामों के जिम्मेदार स्वयं होगें।

अतः इस महत्वपूर्ण सूचना व चेतावनी से अवगत हो, तद्नुसार अमल करें।

**आर.डी.शर्मा एड.**
**क्र.723/97**
**आनंद नगर उसलापुर पो.मंगला**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.9300320585**

### न्यायालय द्वादश जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)
**"समंस / नोटिस"**

सुकांता घोष.....वादी
**// बनाम //**
सुदीप्तो घोष वगैरह..... प्रतिवादीगण
प्रोसेस नंबर - 92
व्य. वाद क्र. : C.S(A)/75/2025
आदेश दिनांक : 23.06.2026
पेशी दिनांक 03.08.2026

प्रति,
2-कुमारी आगमणी राय, उम्र 22 वर्ष, पुत्री बलराम राय, 3- अनन्या राय, उम्र 13 वर्ष, पुत्री बलराम राय, अवयस्क, द्वारा कु. आगमणी राय क्र. 02 व 03 की माता स्व. दीप्ति राय निवासी बलराम साई शनि मंदिर के पास 3433 पंचवटी कालोनी आर. के. नगर मोपका बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आप प्रतिवादी क्रमांक 02 व 03 को सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा इस न्यायालय में ग्राम मोपका, प.ह.नं. 29, तहसील व जिला बिलासपुर स्थित खसरा नंबर 993/2क/48 रकबा 3500 वर्गफुट पर स्थित मकान के संबंध में स्वत्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 03.08.2026 को दिन 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये आप प्रतिवादी क्रमांक 02 व 03 को समन किया जाता है। आप प्रतिवादी क्रमांक 02 व 03 स्वयं अथवा अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें एवं अपने ऐसे सभी दस्तावेज जिन पर प्रतिरक्षा या मुजरा, ईफा दावा या प्रतिदावा आधारित हो, दाखिल करें।

आप प्रतिवादी क्रमांक 02 व 03 को सूचित किया जाता है कि यदि आप प्रतिवादी क्रमांक 02 व 03 ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होते है तो उपरोक्त व्यवहार वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आप प्रतिवादी कमांक 02 व 03 की अनुपस्थिति में किया जायेगा।

आज दिनांक 15/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

स्थान बिलासपुर
दिनांक 15/7/2026

**मोना चौहान**
**द्वादश जिला न्यायाधीश**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)
**नोटिस**

प्र.क्र.-624/2025
आदेश दि. 19-06-26
पेशी ता.- 06/08 2026
प्रो.क्र.- 138/26

एलमा एक्का पति विरेन्द्र लकड़ा उम्र 53 वर्ष निवासी मझगांव (सरार टिकरा) तहसील बेलगहना जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**...आवेदिका**

**विरूद्ध**

विरेन्द्र लकड़ा पिता एंथोनिस लकड़ा उम्र 50 वर्ष जाति उरांव, निवासी मझगांव (सरार टिकरा) तहसील बेलगहना, जिला बिलासपुर (छ.ग.) हालमुकाम-टिगड़ा, पो.-गोविंदपुर थाना गुमला जिला गुमला (झारखण्ड)........**अनावेदक**

इस न्यायालय में आवेदिका ने अनावेदक के विरूद्ध धारा 13 (1) (आई) (ख) हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत विवाह विच्छेद की डिक्री प्राप्त करने हेतु आवेदन पेश की है, जिसकी पेशी दिनांक 06/08/2026 को है। अनावेदक को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 06/08/2026 को न्यायालय में 11.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 06/08/2026 को न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो उसके अगले दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 19/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक - 19/06/26
स्थान - बिलासपुर (छ.ग.)

**(मुकेश कुमार पात्रे)**
**प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क./ब-121/2025-26
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कु. तयबा मेमन पुत्री मो. जावेद मेमन जाति मुसलमान निवासी ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने स्वयं के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त/ शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 17/07/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 24/06/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**तखतपुर**









## खबर संक्षेप

### चन्द्रनाहूं कुर्मी क्षत्रिय समाज के नरेन्द्र देव कुमारी अध्यक्ष, सीता महासचिव





**बिलासपुर।** छग प्रदेश चन्द्रनाहूं कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक तिफरा के सामाजिक भवन में आयोजित हुई । इस बैठक में प्रदेशाध्यक्ष दिनेश चन्द्राकर एवं उनकी कार्यकारिणी की उपस्थिति में संगठन के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें नरेन्द्र चन्द्राकर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किए गए । महिला अध्यक्ष देव कुमारी कश्यप, महासचिव सीता अनिल कश्यप मनोनीत हुई । युवा अध्यक्ष सूरज चन्द्राकर मनोनीत हुए । इस अवसर पर सभी क्षेत्रीय अध्यक्षगण, संरक्षक, सलाहकार एवं पूरे बिलासपुर राज से आए सामाजिक जन उपस्थित थे ।

### कनौजिया श्रीवास समाज की महा बैठक में जारी की गई नियमावली



**बिलासपुर।** कनौजिया श्रीवास समाज की महा बैठक अध्यक्ष नारायण श्रीवास के नेतृत्व में की गई, जिसमे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सभी पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओ ने अपने-अपने विचार प्रकट किए और सख्त नियमावली सभी इकाइयों में जारी की गई, जिसमें सामाजिक उत्थान के लिए सभी समाजवासियों को निष्पक्ष, पारदर्शी, स्पष्ट न्याय मिले। इस महा बैठक में सर्व सहमति से अंतिम मुहर लगा दी गई है। जो संभाग सहित सभी इकाइयों में सर्वमान्य रहेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष हेमराज श्रीवास, अध्यक्ष मुकेश श्रीवास, सीताराम श्रीवास, जलेश श्रीवास, परमेश्वर श्रीवास, रमेश श्रीवास, युवराज श्रीवास, विशेषर श्रीवास, संतोष श्रीवास, विनोद श्रीवास, राजेश श्रीवास, कमलेश श्रीवास, रघुनाथ श्रीवास, प्रमोद श्रीवास, शिव प्रसाद श्रीवास, परदेशी, सत्यम, रेशम, श्याम, धनेश, कृष्णा आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केशव उपनगर की इकाई ने लगाए पौधे



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केशव उपनगर की इकाई ने आज अपने तिलक नगर स्थित शाखा पर केशव उपनगर के पर्यावरण प्रमुख बाबा राव सोमावार के नेतृत्व में पौधरोपण किया। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह चौहान, वसंत कोन्हेर, गजानन दिग्रस्कर, सेवा भारती के सचिव भास्कर वर्तक, विश्वास जलताडे, छत्तीसगढ़ प्रांत के शारीरिक शिक्षण प्रमुख उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिग्विजय ने सभी स्वयंसेवकों को अपने बस्ती में कम से कम पांच - पांच पौधे लगाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में जी अनंत, अनिरुद्ध मिश्रा, शशिकांत गुप्ता, शिव पटेल, आदित्य यादव , रितेश प्रजापति, प्रवीण व श्रीरंग काले आदि बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**बिलासपुर।** पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया था। नगर निगम के अधिकारी की समझाइस पर चक्काजाम समाप्त हो गया।
16 जुलाई को नलों में पानी की सप्लाई नहीं होने से अमेरी के लोगों ने चौक पर चक्काजाम कर दिया। जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गई। सूचना मिलते ही सकरी पुलिस व नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। निगम अधिकारी ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद पानी की समस्या सीधे सुधारने का आश्वासन दिया। उसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ और आवागमन सामान्य हो पाया है।

### चांपा सहित 75 स्टेशन का उद्घाटन आज

**बिलासपुर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 13 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित चांपा सहित रेलवे के 75 स्टेशनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 17 जुलाई को करेंगे। पूरे रेलवे के 75 स्टेशनों में प्रदेश के तीन स्टेशन बिलासपुर डिवीजन में चांपा स्टेशन और रायपुर मंडल के सरोना व बालोद स्टेशन को शामिल किया गया है। इस अवसर पर केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू, सांसद कमलेश जागड़े के साथ बिलासपुर जोन व डिवीजन के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

### साझा संकलन पुस्तक का विमोचन कल

**बिलासपुर।** होटल ग्रांड अर्जुन तिफरा में 18 जुलाई को एबीकेएमएस फाउंडेशन के 5 वें स्थापना दिवस पर देश प्रेम से ओतप्रोत साझा संकलन वतन के वास्ते जीना, वतन के वास्ते मरना, पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। मुख्य अतिथि ओपन विवि के कुलपति डॉ वीरेंद्र कुमार सारस्वत, अध्यक्षता डॉ विनय कुमार पाठक करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व न्याय मूर्ति चन्द्र भूषण वाजपेयी, डॉ रमेश चंद्र श्रीवास्तव, स्मृति जैन, डॉ एस के निराला होंगे। इस पुस्तक को भूपेंद्र श्रीवास्तव, डॉ प्रीति प्रसाद, आरती अंबष्ट द्वारा लयबद्ध किया गया है। इस पुस्तक मे देश के युवा, किसानो महिलाओं, सैनिकों और गरीबों को समर्पित किया गया साथ, इस पुस्तक में लगभग 12 राज्यों के 70 साहित्यकारों, कवियों और लेखकों ने अपनी रचनाए दी है। जिसमें डॉ गजेंद्र तिवारी, पूर्णिमा तिवारी, डॉ पिंकी गौड़, शनि राम प्रधान, डॉ जगदीश गभेल,डॉ स्वाति जाजू, दीपक दुबे, विक्रम सिंह, हरिशंकर तिवारी आदि शामिल है।

---

**भर्ती अब तक नहीं** | 6 माह पहले डीआर व एआर पद के लिए आवेदन मंगाने के बाद नहीं हो पाई भर्ती

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में डीआर-एआर स्तर के अफसरों की कमी

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अधिकारियों की कमी बनी हुई है। कई सालों के बाद मुश्किल से यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार की कुछ माह पहले नियुक्ति हुई, लेकिन अभी भी डिप्टी रजिस्ट्रार व असिस्टेंट रजिस्ट्रार के पद खाली पड़े हैं, जिनके लिए करीब 6 माह पहले विज्ञापन निकाला गया था, किन्तु भर्ती अभी तक नहीं हो पाई है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पिछले कई सालों से रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं हो पाई थी और प्रभारी रजिस्ट्रार से काम चलाया जा रहा था। कई बार विज्ञापन निकाला गया और इंटरव्यू प्रक्रिया के बाद भी रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं हो पाती थी। लेकिन कुछ माह पहले ही सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी कुमार दीक्षित की नियुक्ति हुई। प्रो. दीक्षित यूनिवर्सिटी में ही बॉटनी डिपार्टमेंट में प्राध्यापक के रूप में वर्षो से कार्यरत रहे। रजिस्ट्रार की नियुक्ति के बाद डिप्टी रजिस्ट्रार और असिस्टेंट रजिस्ट्रार के रिक्त के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरु की गई थी और विज्ञापन निकाला गया था। यूनिवर्सिटी में डिप्टी रजिस्ट्रार के दो पद खाली हैं और असिस्टेंट रजिस्ट्रार के भी एक पद रिक्त हैं। इन पदों के लिए जनवरी माह में



आवेदन जमा कराए गए थे। इन दोनों ही पदों के लिए पांच वर्षो का अनुभव मांगा गया था। इसलिए यूनिवर्सिटी सहित बाहर से कई उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। लेकिन आवेदन प्रक्रिया के 6 माह बाद भी इन पदों पर भर्ती नहीं हो पाई है, जिससे अधिकारियों की कमी यूनिवर्सिटी में दूर नहीं हो पाई है और यूनिवर्सिटी का कामकाज प्रभावित हो रहा है।

### नान टीचिंग के पदों की भर्ती प्रक्रिया अटकी

डिप्टी रजिस्ट्रार और असिस्टेंट रजिस्ट्रार के अलावा सीनियर टेक्नीकल असिस्टेंट के एक पद, अपर डिवीजन क्लर्क के एक पद, लोवर डिवीजन क्लर्क के एक पद एवं लाइब्रेरी असिस्टेंट के एक पद और लैब्रोटरी असिस्टेंट के दो पद के लिए भी आवेदन मंगाए गए थे। इन नान टीचिंग पदों के लिए पिछले बार भी आवेदन मंगाए गए थे और कौशल, लिखित परीक्षा के बाद चयन सूची जारी की गई थी, किन्तु जिस कैटेगिरी के लिए ये पद निर्धारित थे उसमें से योग्य उम्मीदवार नहीं पाए गए थे। इसलिए यूनिवर्सिटी ने डिप्टी रजिस्ट्रार और असिस्टेंट रजिस्ट्रार पदों के साथ इन पदों के लिए भी फिर से भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी जो अब तक अटकी हुई है।

### भर्ती, नियुक्ति पर रोक

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल के कार्यकाल का आखिरी महिना है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में वे 24 जुलाई 2021 में कुलपति बनकर आए थे और उनका यहां पर 5 वर्ष का कार्यकाल 23 जुलाई 2026 को पूरा हो रहा है। इसलिए नियमानुसार कुलपति के कार्यकाल समाप्ति के दो माह पहले से नीतिगत निर्णयों पर एक तरह से रोक लग गई है और कुलपति अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में केवल दैनदिनी के कार्यो को ही करते हैं। इसलिए अभी यूनिवर्सिटी में नई नियुक्तियां, भर्ती प्रक्रिया भी रूक गई है।

### पोलटिकल साइंस में हुई आखिरी नियुक्ति

यूनिवर्सिटी द्वारा टीचिंग के पदों पर बीच-बीच में भर्ती, नियुक्ति की जाती रही है। बीच में 9 मई को पोलटिकल साइंस डिपार्टमेंट में प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हुई थी। वहीं दूसरी तरफ रूरल टेक्नालाजी डिपार्टमेंट में प्रोफेसर पद के लिए होने वाली इंटरव्यू स्थगित कर दी गई थी। इस तरह से पोलटिकल साइंस डिपार्टमेंट में जो नियुक्ति हुई है उसे ही कुलपति के कार्यकाल का अंतिम नियुक्ति माना जा रहा है।

---

पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि में आधुनिक व पारदर्शी व्यवस्था रहेगी

# 84 परीक्षा केंद्रों में 54 हजार छात्र 19 को देंगे प्री बीएड, डीएलएड की प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित बीएड एवं डीएलएड दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए होने वाली प्री. बी.एड./प्री. डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा-2026 आधुनिक तकनीक, पारदर्शी प्रक्रिया एवं सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के साथ होगी। परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन के लिए विश्वविद्यालय ने व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। इस वर्ष भी शिक्षक शिक्षा के प्रति युवाओं का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला है। बीएड की 500 सीटों के लिए 19,762 तथा डीएलएड की 2400 सीटों के लिए 34,736 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार दोनों पाठ्यक्रमों के लिए कुल 54,498 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, जिससे सीमित सीटों के कारण प्रवेश परीक्षा में कड़ी प्रतिस्पर्धा रहने की संभावना है।

0 दो पालियों में होगी परीक्षा

प्रवेश परीक्षा 19 जुलाई रविवार को दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में प्री. बीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक तथा द्वितीय पाली में प्री. डीएलएड परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा का आयोजन संभागीय मुख्यालय बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर एवं अंबिकापुर के 84 परीक्षा केंद्रों में होगी। परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष एवं तकनीक आधारित बनाने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर जैमर लगाए जाएंगे, जिससे किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक संचार एवं अनुचित गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। परीक्षा कक्ष में बैठने के उपरांत प्रत्येक अभ्यर्थी की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी, जिससे अभ्यर्थियों की पहचान का सत्यापन पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जा सके। परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा समाप्ति के बाद उन्हें प्रश्न पत्र अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी। ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी दी जाएगी, जिससे वे अपने उत्तरों का स्वयं मूल्यांकन कर सकेंगे। परीक्षा संचालन की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं समन्वय के लिए विश्वविद्यालय ने प्रत्येक संभाग में वरिष्ठ शिक्षाविदों को नोडल अधिकारी एवं समन्वयक नियुक्त किया हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे। सुबह की पाली के परीक्षार्थियों को सुबह 9 बजे से पूर्व तथा दोपहर की पाली के परीक्षार्थियों को दोपहर 1 बजे से पूर्व केंद्र पर पहुंचना होगा। ताकि सत्यापन एवं फ्रिस्किंग की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके।




### प्रवेश पत्र के साथ वैध मूल फोटो पहचान पत्र लाना होगा

परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ वैध मूल फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। यदि प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट न हो तो दो रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाना होगा। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, कैलकुलेटर अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थियों को हाफ स्लीव्स के वस्त्र, काला अथवा नीला बॉल पेन तथा पारदर्शी पानी की बोतल साथ लाने की अनुमति होगी। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

### प्रवेश परीक्षा में कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे

प्रवेश परीक्षा में कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें भाग-ए के 80 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य होगा, जबकि भाग-बी में दिए गए तीन विषयों—सामाजिक विज्ञान, गणित एवं विज्ञान में से किसी एक विषय के 20 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य रहेगा।

# एयरपोर्ट, बाइपास और अरपा संरक्षण पर केंद्र का फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर प्रेस क्लब के संवाद कार्यक्रम 'हमर पहुना' में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने शहर के विकास से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने एयरपोर्ट विस्तार, रेलवे परियोजनाओं, बाइपास, अरपा नदी संरक्षण और प्रधानमंत्री आवास योजना पर अपनी बात रखी।



■ केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन की प्रेस वार्ता

उन्होंने बताया कि बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए करीब 290 एकड़ भूमि उपलब्ध करा दी गई है और नाइट लैंडिंग की सुविधा भी सुनिश्चित हो चुकी है। रेलवे क्षेत्र में 58 ट्रेनों के स्टॉपेज बहाल किए गए हैं, जबकि प्रदेश के 32 रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जा रहे हैं। इसके अलावा 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाओं पर कार्य जारी है। शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के लिए 32 किलोमीटर लंबे बाइपास की डीपीआर तैयार की जा रही है। अरपा नदी में गिरने वाले सीवरेज के शोधन के लिए एसटीपी परियोजना पर केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त रूप से काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाने का भी उन्होंने भरोसा दिलाया। एक सवाल पर तोखन साहू ने बताया कि उनका राजनीतिक सफर पंच से शुरू होकर सरपंच, विधायक, सांसद और अब केंद्रीय राज्य मंत्री तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह जनता के विश्वास और संगठन के सहयोग का परिणाम है।

# होम @होम शो रूम ने मनाई 16वीं वर्षगांठ



**बिलासपुर।** शहर के प्रतिष्ठित संस्थान होम एट होम शो रूम ने आज अपनी सफलता के 16 वर्ष पूरे कर लिए । इस अवसर को शोरूम प्रबंधन द्वारा एक बड़े उत्सव और सनातन परंपराओं के अनुसार मनाया गया।

**बिजनेस प्लस**

स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत शोरूम के संचालक डॉ. हेमंत अग्रवाल एवं राहुल मित्तल द्वारा मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में की। इस कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बहनें और आईडीबीआई बैंक सरकंडा शाखा के ब्रांच मैनेजर प्रभात विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ब्रह्माकुमारीज़ की बहनों ने संस्थान की समृद्धि के लिए ईश्वरीय आशीर्वाद दिया, वहीं बैंक मैनेजर प्रभात ने होम@>होम शोरूम के 16 वर्षों के सफल व्यावसायिक सफर की सराहना की और बधाई दी। इस उत्सव में शोरूम के समस्त स्टाफ सदस्य भी शामिल हुए। डॉ. हेमंत अग्रवाल और राहुल मित्तल ने कहा कि पिछले 16 वर्षों में ग्राहकों का जो अटूट विश्वास हमें मिला है, उसी की बदौलत आज हम इस मुकाम पर हैं। इस अवसर पर पूरे शोरूम को उत्सव के रूप में सजाया गया था और सभी ने मिलकर एक परिवार की तरह खुशियां साझा कीं।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में सामने आए कथित चढ़ावा और वित्तीय अनियमितताओं के मामले को लेकर केंद्र सरकार एवं भाजपा-आरएसएस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

■ सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में जांच की मांग: विकास

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक हैं, लेकिन उनके नाम पर एकत्र किए गए चंदे और चढ़ावे में कथित अनियमितताओं ने पूरे देश की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने गुरुवार को बिलासपुर कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए देशभर के करोड़ों लोगों ने अपनी श्रद्धा और विश्वास के साथ दान दिया था। ऐसे में यदि चंदे अथवा चढ़ावे में किसी प्रकार की वित्तीय गड़बड़ी हुई है तो उसकी निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल आर्थिक अनियमितता का नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास से जुड़ा विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े कुछ पदाधिकारियों के इस्तीफों और मीडिया में सामने आई जानकारियों ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। कांग्रेस का कहना है कि यदि सब कुछ पारदर्शी था तो इस्तीफों की नौबत क्यों आई और पूरे मामले की स्वतंत्र जांच से परहेज क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस पूरे प्रकरण में तीन प्रमुख सवाल उठा रही है। पहला यदि ट्रस्ट का गठन और उसकी निगरानी केंद्र सरकार की देखरेख में हुई है तो कथित अनियमितताओं की जवाबदेही कौन तय करेगा। दूसरा यदि कोई गड़बड़ी नहीं हुई तो संबंधित पदाधिकारियों के इस्तीफे क्यों हुए। तीसरा प्रश्न यदि सब कुछ नियमों के अनुरूप है तो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच कराने से परहेज क्यों किया जा रहा है।




पत्रकारों से चर्चा करते रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय।

### अंशकालिक स्पेशल एजुकेटर भर्ती, आवेदन

**बिलासपुर।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिले के 6 पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालिक स्पेशल एजुकेटर की भर्ती के लिए 27 जुलाई तक आवेदन मंगाए गए हैं। यह भर्ती 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए होगी एवं उन्हें प्रतिमाह 20 हजार रुपए मानदेय प्रदान किया जाएगा। प्राथमिक स्तर विद्यालय के लिए विशेष शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए विशेष शिक्षा में बीएड की डिग्री अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक 27 जुलाई 2026 तक अपना आवेदन जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, द्वितीय तल, जिला पंचायत भवन, बिलासपुर में डाक, स्पीड पोस्ट अथवा कोरियर के माध्यम से भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। आवश्यक योग्यता एवं अन्य जानकारी, आवेदन पत्र प्रारूप जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा जिला पंचायत भवन में चस्पा की गई है। जानकारी के लिए वेबसाइट www. bilaspur. gov.in का अवलोकन कर सकते हैं।

### आरएसपी से रेल कर्मचारियों के परिजन को सहायता

**बिलासपुर।** दपूमरे सेंट्रल हास्पिटल की पूर्व नर्सिंग सुपरिटेंडेंट स्वर्गीय अमिता पैकरा के निधन के कारण उनके परिवार को करीब 1.1 करोड़ रुपए की राशि दी गई। इसमें दुर्घटना से हुई मौत के मामले में 1 करोड़ और ग्रुप टर्न इंश्योरेंस कवर के तहत 10 लाख रुपए की राशि शामिल थी। बुधवार को जोन महाप्रबंधक के कांफ्रेंस हॉल में पीड़ित के परिजन को चेक जीएम तरूण प्रकाश की ओर से सौंपा गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ. दर्शनीता अहलुवालिया, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी निकिता अग्रवाल, भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिकारी विभंशु वी जैन, ज्योत्सना सिंह, टीना जोशी, अंकुश गुप्ता मौजूद थे।

### एसबीआई पेंशनर्स के नेत्र परीक्षण शिविर में कराई जांच

**बिलासपुर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन की नगर इकाई द्वारा मंगलवार को एसबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. संदीप तिवारी तथा टीम के अन्य विशेषज्ञों की उपस्थिति में हुआ। शिविर में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. तिवारी ने बताया कि बढ़ती उम्र के साथ डायबिटीज, उच्च रक्तचाप एवं अन्य कारणों से आंखों की समस्याएं बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. शशिकांत शुक्ल ने भी पेंशनरों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने पर जोर दिया। एसोसिएशन के सचिव मिहिर नाग ने बताया कि शिविर में 65 से अधिक पेंशनरों ने अपनी आंखों की जांच कराई। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष जमील अहमद, सह सचिव योगेश तिवारी, अर्पिता, प्रकाश कटेलिया सहित बड़ी संख्या में पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे।

### स्मार्ट मीटर से बिजली व्यवस्था होगी और पारदर्शी, मिलेंगी नई डिजिटल सुविधाएं

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) प्रदेश में विद्युत वितरण व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने के लिए स्मार्ट मीटर प्रणाली का तेजी से विस्तार कर रही है।

स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को बिजली खपत की वास्तविक समय (रियल-टाइम) जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे वे अपनी बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण रख सकेंगे और अनावश्यक खर्च में कमी ला सकेंगे। स्मार्ट मीटर तकनीक से मीटर रीडिंग पूरी तरह डिजिटल होगी, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना कम होगी। इसके साथ ही बिलिंग प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी। उपभोक्ता मोर बिजली एप से अपनी दैनिक और मासिक बिजली खपत की निगरानी कर सकेंगे तथा ऊर्जा बचत के लिए बेहतर निर्णय ले सकेंगे। यह प्रणाली बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण और लाइन लॉस में कमी लाने में भी सहायक होगी। मोर बिजली एप के स्मार्ट मीटर सेक्शन में खपत पूर्वानुमान की नई सुविधा भी जोड़ी गई है।

**वार्षिक श्राद्ध**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नि **श्रीमती इंद्रावती मिश्रा** का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 29.06.2025 को हो गया था। जिनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट (बनारस) में किया गया। जिनका वार्षिक श्राद्ध का कार्यक्रम दिनांक 17.07.2026 दिन शुक्रवार को होगा।

कार्यक्रम स्थल
चंद्रा भवन, जबड़ापारा सरकंडा
बिलासपुर मो. 9300429791

तेरहवीं गृहग्राम : ग्राम-खपरहा, जिला जैनपुर (उत्तर प्रदेश) में किया गया।



स्व. श्रीमती इंद्रावती मिश्रा

शोकाकुल-घनश्याम मिश्रा (पति), अभिषेक, आशीष, राहुल (पुत्र)

नोट- जिस किसी स्नेहीजन को सूचना न मिला हो कृपया इसे ही सूचना जाने।

## खबर संक्षेप

### छात्र से मारपीट, शिक्षक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** छात्र से दुर्व्यवहार कर मारपीट करने वाले शिक्षक के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। कोटा पुलिस के अनुसार कोटा गांधी सभा भवन के पास रहने वाले रितेश मिश्रा ने रिपोर्ट लिखाई। उनका बेटा जलज मिश्रा पीएमश्री सेजेस डीकेपी कोटा स्कूल में कक्षा 7 का छात्र है। 10 जुलाई की शाम 5 बजे उनकी पत्नी ने फोनकर बताई। उनके बेटे जलज के साथ स्कूल के शिक्षक आशीष बघेल ने दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट कर घसीटते हुए क्लास से बाहर निकाल दिया है। उन्होंने घटना की शिकायत स्कूल प्रबंधन से की। किन्तु उस पर कोई कार्रवाई नहीं कि गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर शिक्षक आशीष बघेल के खिलाफ बीएनएसकी धारा 75 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### डीजे बंद कराने को लेकर दो पक्षों के बीच चला चाकू

**बिलासपुर।** डीजे बंद कराने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्ष ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार लालखदान निवासी कार्तिक शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। 16 जुलाई की रात 12.15 बजे मोहल्ले की कुसमी के बर्थडे पर अमन पासी ने डीजे लगाया था और तेज आवाज में गाना बजा रहा था। जिससे छात्रों को पढ़ाई करने में परेशानी हो रही थी। वह डीजे बंद करने के लिए बोला तो अमन पासी उसके भाई राज पासी ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमलाकर दांत से काटकर जख्मी कर दिया है। दूसरे पक्ष से अमन पासी ने रिपोर्ट लिखाई। रात 12.15 बजे कुसमी के घर डीजे बंद कर चौक में खड़े.थे। इसी दौरान कार्तिक शर्मा आया और वाद विवाद कर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

### हत्या मामले में फरार आरोपियों की तलाश जारी

**बिलासपुर।** सम्प्रेक्षण गृह में चौकीदार की हत्या कर फरार तीन आरोपियों की पुलिस टीम झारखंड, रायगढ़, कोरबा में पतासाजी करने में लगी हुई है। वहीं एक आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया गया है। 12 जुलाई की रात संप्रेक्षण गृह के चौकीदार नरेन्द्र कुमार खाण्डे 42 साल की चार नाबालिगों ने टायलेट जाने के बहाने दरवाजा खुलवा कर मारपीट कर हाथ पैर को बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंसने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। उसका मोबाइल लेकर दीवार फांदकर भाग गए थे। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम झारखंड, रायगढ़, कोरबा में फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। वहीं एक फरार आरोपी दिनेश राठिया को पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है।

### फर्जी ऋण पुस्तिका पेश करने वाले पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** आरोपी की जमानत के लिए जिला न्यायालय में फर्जी ऋण पुस्तिका पेश करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि सरकण्डा निवासी गोपेश्वर निषाद अपने परिचित आरोपी की जमानत के लिए जिला न्यायालय में अपना ऋण पुस्तिका पेश किया था। ऋण पुस्तिका फर्जी होने के संदेह पर सीजेएम ने क्षेत्र के पटवारी को जांच करने का आदेश दिया था। जांच में ऋण पुस्तिका फर्जी पाया गया। पुलिस ने जांच के बाद गोपेश्वर निषाद के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

**पंजीयन करा रहे फर्जी किसान** — कृषि विभाग की जांच शुरू, प्रतिदिन की जाती है मॉनिटरिंग

# किसान सम्मान निधि ले रहे 531 किसान संदेह के दायरे में, प्रदेश में ऐसे 21 हजार



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे जिले के 531 किसानों को संदेह के दायरे में लिया गया है। इन सभी किसानों की जांच की जा रही है। प्रदेश स्तर पर इस श्रेणी के किसानों की बात की जाए तो प्रदेश स्तर पर ऐसे 21 हजार 331 किसान हैं, जो सम्मान निधि के रूप में राशि प्राप्त कर रहे हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

केंद्र सरकार की किसान हित में प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ कई फर्जी किसानों के द्वारा लिए जाने की जानकारी मिली है। प्रदेश स्तर पर ऐसे किसानों की लिस्टिंग की गई है, जिनके खिलाफ जांच की जा रही है। जिले में ऐसे किसानों की संख्या 531 है, जबकि प्रदेश स्तर पर 21 हजार 331 किसान फर्जी तरीके से सम्मान निधि प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान फर्जी भुगतान प्राप्त करने वालों के मामले में 3 हजार 434 किसानों के साथ मुंगेली जिला पहले नंबर पर है, जबकि 16 किसानों वाला नारायणपुर जिले का नंबर अंतिम है।

योजना के अंतर्गत एक परिवार के केवल एक सदस्य को ही लाभ प्राप्त करने की पात्रता है, जबकि लाभ के लालच में कई लोगों ने अपना पंजीयन भी करवा लिया है, हालांकि बाद में एग्रीस्टेक पंजीयन के दौरान ऐसे किसानों की जानकारी प्राप्त हो ही जाती है, जिससे इनका नाम काट दिया जाता है। कृषि विभाग के अनुसार एक ही परिवार के ऐसे लोग जिनके स्वयं के नाम पर राजस्व रिकार्ड में पृथक से भूमि दर्ज है, वे लाभ के पात्र हैं। जबकि शामिल खाते में दर्ज नाम वाले एक ही परिवार के विभिन्न लोगों को इसकी पात्रता नहीं रहेगी।

### अपने आप हो जाती है वसूली

जिन किसानों के द्वारा गलत तरीके से सम्मान निधि की राशि प्राप्त की जा रही है उनके पकड़े जाने के बाद उनके परिवार के ऐसे लोग जो पात्र हैं और सम्मान निधि ले रहे हैं, उनके खाते में तब तक राशि जारी नहीं की जाती, जब तक उनके द्वारा गलत तरीके से ली जा रही राशि की भरपाई न हो जाए। भरपाई हो जाने के बाद योजना की किश्त की राशि पुनः संबंधित के खातों में जाने लगती है।

### एक ही सदस्य को लाभ मिलना है

योजना के अंतर्गत एक परिवार के एक ही सदस्य को लाभ मिलना है, लेकिन कई लोग गलत ढंग से पंजीयन करा लेते हैं, लेकिन बाद में पकड़े भी जाते हैं। जिले में ऐसे 531 लोग हैं, जिनकी जांच की जा रही है। ऐसे लोगों के परिजन के खातों में अगली किश्त जारी न करते हुए राशि की वसूली आसानी से कर ली जाती है।

**-पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

यातायात व परिवहन विभाग के लिए नई परेशानी

# ग्रीन नंबर प्लेट पढ़ने में कैमरे फेल ईवी ऑटो चालक बच रहे चालान से



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या के बीच अब उनकी ग्रीन नंबर प्लेट यातायात व परिवहन विभाग के लिए नई परेशानी बन चुकी है। ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे से ग्रीन कलर नंबर प्लेट की पहचान नहीं हो पा रही है। कैमरे में रीड नहीं होने के कारण ऐसे वाहन चालक चालान से बच रहे है। आपराधिक मामलों में वाहनों की पहचान करना चुनौती बन रही है।

जिले में करीब 10 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन मौजूद है। इसमें कार, बाइक से लेकर आटो भी शामिल है, लेकिन ईवी वाहन यातायात व परिवहन विभाग द्वारा लगाए गए कैमरों से बच रहे हैं। दरअसल यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर सीधे कैमरे में कैद होते ही लोगों के मोबाइल व घरों तक चालान पहुंच रहा है, लेकिन कई बार ईवी वाहन ऐसे चालान से बच रहे हैं। बताया जा रहा है कि सबसे ज्यादा परेशानी ईवी आटो में आ रही है, नंबर प्लेट की साइज छोटी होने के कारण कैमरे की जद में आने के बाद भी चालान जनरेट नहीं हो रहा है। शहर में लगे ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे कई स्थानों पर इन ग्रीन प्लेट्स को स्पष्ट रूप से पढ़ नहीं पा रहे हैं, इसका सीधा असर चालानी कार्रवाई पर पड़ रहा है। रेड लाइट जंप, ओवरस्पीडिंग या अन्य यातायात उल्लंघनों की स्थिति में सिस्टम नंबर प्लेट कैप्चर नहीं कर पा रहा, जिससे ई-चालान जारी करने में दिक्कत कई मामलों में गलत नंबर रीड होने की शिकायत भी सामने आई है। वहीं कई बार कार व बाइक भी इससे बच रहे है। ऐसे में यातायात विभाग अब परिवहन विभाग से इस बारे में दिशा निर्देश जारी कर कार्रवाई करने का मन बना चुका है।

### समरथ को नहीं दोष गोंसाई...




शहर में यातायात पुलिस चौकस रहती है, तीसरी आंख की नजर नियम तोड़ने वालों पर सतत निगाह रखती है, उसके बाद भी गाड़ियों के नंबर प्लेट पर नंबर की जगह इस तरह कंपनी का नाम लिखने वाले बचते रहते हैं। मजेदार बात यह है कि शहर के चारों ओर आउटर पर झुंड बनाकर चार पैसे कमाने के लिए शहर आने वाले मजदूरों, ग्रामीणों से वसूली करने वाले यातायात पुलिस के सिपाहियों की नजर भी इस तरह की गाड़ियों पर नहीं पड़ती है। समरथ को नहीं दोष गोंसाई को चरितार्थ करते हुए ये महंगी गाड़ियों वाले बड़े आराम से शहर और शहर के बाहर घूमते फिरते रहते हैं, इनका कोई बाल भी बांका नहीं कर पाता है।

### नंबर प्लेट रीड करना मुश्किल

एडिशनल एसपी राम गोपाल करियारे ने बताया कि विशेषकर ई-रिक्शा के मामलों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। कैमरों में नंबर प्लेट पढ़ने की जो सुविधा है, वह इन वाहनों पर काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बारे में आरटीओ को पत्र लिखकर समाधान खोजने के लिए कहा गया है, ताकि ई-रिक्शा और अन्य ईवी की स्पष्ट पहचान हो सके।



### दुरुपयोग की आशंका

कैमरों के माध्यम से नंबर ट्रेस नहीं हो होने पर ऐसे वाहनों के दुरुपयोग की आशंका मंडराने लगी है। किसी आपराधिक घटना के बाद वाहन की पहचान में देरी कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। प्रत्येक वाहन की स्पष्ट पहचान कैमरे के माध्यम से हो सके, यह बेहद आवश्यक है।

### तकनीकी खामियां हैं जिम्मेदार

इस गंभीर तकनीकी खामी को लेकर बिलासपुर पुलिस ने परिवहन विभाग को पत्र लिखा है, वहीं परिवहन विभाग ने भी केंद्रीय मंत्रालय से समाधान की मांग की है। सवाल उठ रहा है कि क्या तकनीकी खामियों के चलते ईवी कानून व्यवस्था के लिए नई चुनौती बनती जा रही है।

### मिली है शिकायत

नंबर प्लेट मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवे के मानकों के अनुसार ली लगाए जा सकते है। यातायात से शिकायत मिली है, जिसपर आला अधिकारियों को सूचित किया गया है। चूंकि नंबर प्लेट के डिजाइन और नियम का निर्धारित हम नहीं कर सकते है। ऐसे में इसके सुधार के लिए आवश्यक तकनीकी बदलाव गाइड लाइन के अनुसार ही किया जा सकेगा।

**-आसीम माथुर**
आरटीओ, परिवहन

# करंट से मगरमच्छ की मौत आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



वन मंडल बिलासपुर के रतनपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम पचरा में तालाब में करंट की चपेट में आकर मगरमच्छ की मौत हो गई थी। इस मामले में जांच के बाद वन विभाग की टीम ने आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 14 जलाई को वन विभाग की टीम को ग्रामीणों ने सूचना दी कि पचरा ग्राम में चांपी जलाशय के डुबान क्षेत्र में आने वाले तालाब में एक मगरमच्छ मृत अवस्था में पानी में तैरता हुआ दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने मगरमच्छ को पानी से बाहर निकाला, जिसकी उम्र 10 से 12 वर्ष और लंबाई 2.55 मीटर थी। वन विभाग की टीम की सूचना मिलने के बाद कानन पेण्डारी जू के पशु चिकित्सक डॉक्टर पीके चंदन ने घटना स्थल पर पहुंचकर पोस्टमार्टम करने के बाद मगरमच्छ की मौत का कारण बिजली करंट से होने की जानकारी दी। शिकार की आशंका पर रतनपुर वन परिक्षेत्र की टीम ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत धारा 2 (16)(ख), 9, 50, 51 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर छानबीन शुरु कर दी। बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डेय और वन मंडल के डीएफओ नीरज कुमार ने रतनपुर रेंजर को कार्रवाई करने निर्देशित किया। रतनपुर रेंजर देवसिंह ठाकुर के नेतृत्व में छानबीन के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गांव के दो भाई केवल दास मानिकपुरी और कंवलदास मानिकपुरी ने बिजली के तार में करंट से मगरमच्छ का शिकार किया गया है।

दोनों चांपी जलाशय के डूबान क्षेत्र में तालाब निर्माण कर मछली पालन करते हैं। मगरमच्छ मछिलयों को अपना आहार बना लेता था, जिसे मारने के लिए आरोपियों ने तालाब के किनारे लकड़ी के खूंटी में बिजली करंट से मगरमच्छ का शिकार किया। टीम ने मौके से बिजली तार बरामद करने के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को 15 दिन की रिमांड में जेल भेजा गया है।

# ओवर रेटिंग की शिकायत पर आबकारी उड़नदस्ते ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- जिले के अधिकारियों को भनक तक नहीं

जिले की शराब दुकानों में हो रही गफलत की शिकायत अब राज्य स्तरीय अधिकारियों के पास पहुंच रही है। यही कारण है कि बुधवार की शाम राज्य स्तरीय फ्लाइंग की टीम ने ओवर रेटिंग की शिकायत पर छापा मारा और प्रकरण दर्ज किया गया है। खास बात यह है कि इस कार्रवाई की भनक जिले के आबकारी अधिकारियों को भी नहीं लग सकी है।

दरअसल रायपुर रोड स्थित परसदा देशी-विदेशी शराब दुकान में अधिक रेट पर शराब बेचने की शिकायत लंबे समय से मिल रही थी, जिले के अधिकारी इस पर कार्रवाई नहीं कर रहे थे। ऐसे में राज्य स्तरीय आबकारी फ्लाइंग की 3 सदस्यीय टीम ने दुकान में छापा मार कर रंगे हाथों सेल्समैन को पकड़ लिया है। मामले में कार्रवाई करते हुए प्रकरण भी दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि शराब दुकान के सेल्समैन-मल्टी के तौर पर कार्यरत रामाकांत गुप्ता द्वारा 18 पाव देशी शराब को 1500 रूपए में बेचा जा रहा था, जबकि यह वास्तविक कीमत से 60 रूपए अधिक थी। टीम ने रामाकांत को पकड़ कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान राज्य स्तरीय टीम के एडीईओ निलिम किरण सिंह, एडीईओ जागेश्वर वर्मा, गितेश्वर आलेन्द्र शामिल रही है।

### अधिकारियों को नहीं थी जानकारी

बताया जा रहा है कि जिले में लंबे समय से ओवर रेट पर शराब बेची जा रही है, जो बड़ा भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है लेकिन शिकायत के बावजूद जिले के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते मदिराप्रेमी सीधे तौर पर टोल फ्री नंबर 14405 पर ओवर रेटिंग, मिलावट, आनलाइन भुगतान की शिकायत कर रहे हैं।

# मार्केट से 8 लाख 71 हजार रुपए वसूली कर गबन करने वाला मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मार्केट से पशुआहार का 8 लाख 71 हजार 556 रुपए वसूली कर गबन करने वाले मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, हेमूनगर निवासी जीवत रोहरा सिलपहरी में बीजीआर कोल्ड स्टोरेज के साथ पशु आहार निमार्ण कर बेचने का काम करते हैं। उनकी फैक्ट्री में प्रकाश हिन्दूजा वर्ष 2025 से मैनेजर का काम कर रहा था। वह मार्केट में व्यापारियों से पशुआहार की बिक्री रकम वसूली करने का काम करता था। 15 जुलाई 2026 को उन्होंने पशुआहार की खाताबही चेक किया तो 8 लाख 71 हजार 556 रुपए व्यापारियों से वसूली करना शेष पाया गया। उन्होंने व्यापारियों से पूछताछ की तो उन्हें बताया गया पशुआहार का पैसा मैनेजर प्रकाश हिन्दूजा को दे दिया गया है। उन्होंने मैनेजर से पूछताछ की तो उसने व्यापारियों से रकम वसूली कर गबन करना स्वीकार कर लिया। उन्होंने मैनेजर प्रकाश हिन्दूजा को थाने ले जाकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 316, 4 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### वृद्ध से हस्ताक्षर कराकर उसके जमीन को बेचा

कोटा पुलिस के अनुसार, तखतपुर घोरामार निवासी चैनदास मानिकपुरी 67 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उनके बड़े भाई समारूदास ने लिखित बंटवारे में उन्हें 4 एकड़ जमीन दी थी। वे उक्त जमीन को अपने नाम चढ़वाने के लिए पटवारी के पास गए। पटवारी ने कहा कोई वकील से बात करने की सलाह दी। उन्होंने कोटा निवासी वकील हरीश से बात की, कुछ दिनों तक वह प्रक्रिया को आगे बढ़ाता रहा। बाद में वकील ने उनकी जमीन के दस्तावेज कोटा पं जवाहरलाल नेहरू वार्ड निवासी सोनू मानिकपुरी, संतोषदास मानिकपुरी को सौंप दिया, कहा यही उसका काम कराएंगे। उसके बाद दोनों ने उन्हें हाथ पकड़कर हस्ताक्षर करना सिखाया। उसके बाद कई दस्तावेज में हस्ताक्षर कराकर उनकी जमीन को दूसरे को बेच दी। पुलिस ने संतोष, सोनू दास मानिकपुरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### झांसा देकर किसान से 60 हजार की ठगी

जैविक खाद दिलाने का झांसा देकर 60 हजार की ठगी पचपेड़ी थाना के अनुसार खपरी ओखर निवासी किसान राजेन्द्र कुमार अंचल पिता शोभाराम अंचल ने रिपोर्ट लिखाई। डेढ़ माह पूर्व इंदौर निवासी शाहरूख खान उनके पास आकर गुणवत्ता वाले धान के बीज व जैविक खाद दिलाने का झांसा दिया। उन्होंने उसकी बातों में आकर 53 हजार 980 रुपए देकर धान बीज व जैविक खाद का आर्डर दिया। पैसा लेने के बाद उसने ना तो बीज व खाद भेजा ना ही पैसा लौटा रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर शाहरूख खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# बृहस्पति बाजार रोड पर फिर ठेले वालों का कब्जा



बृहस्पति बाजार रोड पर ठेले वालों का कब्जा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यातायात विभाग एवं नगर निगम के अतिक्रमण अमले के द्वारा लाख कार्रवाई करने के बाद भी ठेले वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। बृहस्पति बाजार में एक बार फिर सड़क पर ठेले वालों का कब्जा हो गया है।

पुलिस की गाड़ियों को देखते ही ये कुछ समय के लिए गलियों में छिप जाते हैं, लेकिन उनके जाने के बाद वापस सड़क पर अपनी दुकानें सजा रहे रहें। इनके कारण चौक पर लगातार जाम लगा रहता है। इधर बृहस्पति बाजार शहर का मुख्य सब्जी मार्केट होने के कारण सब्जी खरीदने वालों की भी भारी भीड़ रहती है व उनके वाहन भी सड़क पर ही खड़े किए जाते हैं। इसके चलते मार्ग पर आए दिन ट्रैफिक जाम लगा रहता है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# पेट्रोल छिड़क कर जलाने की कोशिश करने वाले 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मोबाइल गुम होने पर चाकू दिखाकर डराते धमकाते हुए पेट्रोल छिड़क कर ढाबा संचालक को जलाकर हत्या करने की कोशिश करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी टीआई उमेश साहू ने बताया कि 13 जुलाई की रात मंगला चौक निवासी संकेत कुमार जायसवाल उर्फ छोटू अपने दोस्तों के साथ सकरी स्थित कोटा भुण्डा निवासी इस्माइल खान उर्फ सोनू के ढाबा में खाना खाने आए थे। खाना खाने के जाने के कुछ देर बाद संकेत दोस्तों के साथ ढाबा संचालक से कहा यहां वह अपना मोबाइल भूल गया था। ढाबा संचालक ने अपना मोबाइल देकर सीसीटीवी फुटेज देखने को दिया। नहीं दिख रहा है कहकर मिस्त्री विनोद कुमार टोण्डे से मारपीट करने लगे। कर्मचारियों ने बीच बचाव कर झगड़ा शांत कराया। 15 जुलाई को संकेत दोस्तों के साथ ढाबा आकर चाकू दिखाकर डराने धमकाने लगा और ढाबा में पेट्रोल



छिड़ककर जलाने की कोशिश करने लगा। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 6 युवकों को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने ढाबा संचालक इस्माइल खान की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 1, 191, 2, 296, 115, 2, 351, 3 व 25 , 27 आर्म्स एक्ट के तहत सभी युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पकड़े गए आरोपी

- संकेत कुमार जायसवाल उर्फ छोटू पिता सुरेश जायसवाल 19 साल गोविंदपुर चंदौरा सूरजपुर हालमुकाम मंगला चौक
- राजवीर बाबरा पिता प्रिंस बाबरा 20 साल देवनंदनगर सरकण्डा
- लारेश फ्रांसिस पिता क्रिस्टोफर फ्रांसिस 18 साल शांतिनगर मंगला
- राहुल गहरवरिया पिता मोहरलाल 23 साल परसडीह बसंतपुर बलरामपुर हालमुकाम शुभम विहार
- आर्यन दुबे उर्फ तुषार पिता अभय कुमार दुबे 26 साल सांई मंदिर के पास 27 खोली
- राहुल श्रीवास्तव पिता स्व. सुनील श्रीवास्तव 24 साल समृद्धि इनक्लेव कालोनी अमेरी

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

## खबर संक्षेप

### रमन से मिली जिपं सदस्य भारती विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा



**तखतपुर।** क्षेत्र की राजनैतिक घटना क्रम एवं विकास को लेकर जिला पंचायत सदस्य भारती माली ने विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मुलाकात की इस दौरान तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह भी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान भारती माली ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की कार्यप्रणाली और नीतियों की जमकर प्रशंसा हो रही है। जनहित की बात को लेकर सरकार नित नई योजनाएं बनाते हुए काम कर रही है। प्रदेश में युवा, व्यापारी और किसान सभी सरकार के कामकाज से संतुष्ट है।

### स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण एवं बच्चों को मिले सेहत के टिप्स




**बिल्हा।** शासकीय स्पेशलिटी क्लिनिक आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर दीपक अग्रवाल की टीम ने शासकीय सूरजमल हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण के पूर्व चिकित्सक द्वारा सभी छात्रों को वर्षा ऋतु जन्य मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। परीक्षण में ज्वर काष ,चर्म रोग, मासिक धर्म से संबंधित रोगों का उपचार किया गया। औषधियां वितरित कर शाला के सभी शिक्षक एवं स्टाफ का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। संस्था की प्राचार्य संगीता कुशवाहा ने डॉक्टर दीपक अग्रवाल और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

### अर्चना बनीं आदिवासी कांग्रेस राष्ट्रीय समन्वयक दल की संयोजक

**पेंड्रा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस ने देशभर के



आदिवासी पेशेवरों के साथ संगठनात्मक संवाद और समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय समन्वयकों की एक टीम का गठन किया है। इस संबंध में अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने 15 जुलाई को आदेश जारी किया। जारी सूची के अनुसार अधिवक्ता अर्चना पोर्ते को राष्ट्रीय समन्वयक दल का संयोजक बनाया गया है। वहीं डॉ. मुनीश तामांग, आर.ए. इंकलाबी, डॉ. श्रीनिवास एन.टी. तथा अधिवक्ता प्रताप कुमार प्रधान को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### प्रत्येक व्यक्ति को लगाने चाहिए अधिक से अधिक पौधे




**सेतगंगा/मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा मिश्रा के निर्देशन में एसएमसी की बैठक रखी गई। जिसमें उपस्थित पालक नागोपहरी सरपंच प्रशांत मसीह एवं सदस्य की उपस्थिति में एनएसएस इकाई के स्वयं सेवकों एवं पालकों द्वारा पौधरोपण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों एवं पालकों के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित स्वयंसेवकों एवं पालकों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।

### महाराणा प्रताप वार्ड में रोपे गए विविध किस्म के पौधे



**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित नगर के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से वाटर फिल्टर प्लांट के पीछे स्थित महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक-20 में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों एवं कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय नागरिकों के साथ वुमेन फॉर ट्री अभियान के अंतर्गत स्व. सहायता समूह की दीदियों' ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। सभी प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं हरित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संदेश दिया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा बताया गया कि लगाए गए सभी पौधों की नियमित निगरानी एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। नगर पालिका परिषद ने समस्त नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के इस जनअभियान से जुड़ें।

## 15 वार्डों में जल आपूर्ति ठप, दो टैंकरों के भरोसे नगर

# तालाबों के शहर रतनपुर में प्यासे लोग पेयजल संकट से जूझ रहे नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

धार्मिक नगरी रतनपुर जिसे तालाबों का शहर भी कहा जाता है, आज गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहा है। बताया जाता है कि एक समय यहां करीब 900 तालाब हुआ करते थे, जो अब सिमटकर मात्र 159 रह गए हैं। विडंबना यह है कि तालाबों की पहचान रखने वाले इस नगर के लोग आज पीने के पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

नगर पालिका के 15 वार्डों में पिछले तीन दिनों से नियमित जलापूर्ति बाधित है। वर्तमान में नगर पालिका केवल दो टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति कर रही है, जिससे कुछ ही वार्डों तक पानी पहुंच पा रहा है। अधिकांश वार्डों में लोग पानी के लिए परेशान हैं और वैकल्पिक व्यवस्था का सहारा लेने को मजबूर हैं। पेयजल संकट का असर लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर भी पड़ रहा है। नगरवासियों का कहना है कि समय पर पानी नहीं मिलने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही




है, नौकरीपेशा लोगों को कार्यालय पहुंचने में देरी हो रही है और दिहाड़ी मजदूर समय पर काम पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका भी प्रभावित हो रही है। पेयजल संकट से परेशान नगरवासियों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर तत्काल नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने और नगर की मूलभूत सुविधाओं में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### पार्षद भी नाराज

पानी की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद भी नाराज हैं। उनका कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि उन्हें अपनी शिकायत लेकर कलेक्टर तक पहुंचना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि नगर के कई हिस्सों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही, साफ-सफाई व्यवस्था भी प्रभावित है और नागरिक सुविधाओं को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार किया जाता तो आज नगरवासियों को इस तरह पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ता।

### पाइप लाइन की मरम्मत तेजी से की जा रही

मुख्य पाइप लाइन में तकनीकी खराबी आने के कारण जलापूर्ति प्रभावित हुई है। पाइप लाइन की मरम्मत तेजी से की जा रही है। बहुत जल्द नियमित जल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

सुखसागर खुटे, सीएमओ, रतनपुर।



## जिपं सीईओ ने किया विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण

**मुंगेली।** जिला पंचायत के नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल राम रावटे ने पदभार संभालते ही प्रशासनिक सक्रियता दिखाते हुए जिला पंचायत कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने शाखाओं में पहुंचकर अधिकारी-कर्मचारियों से सीधे संवाद किया और कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ श्री रावटे ने पदभार ग्रहण करने के बाद स्थापना एवं प्रशासनिक शाखा, आवक-जावक शाखा, आवास शाखा, वीबी-जी राम जी शाखा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा, मुख्य सभाकक्ष तथा जिला पंचायत संसाधन केंद्र सहित प्रमुख शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फाइलों के रख-रखाव, कार्यों की पेंडेंसी और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। तकनीकी शाखाओं के प्रभारियों एवं अमले से चर्चा करते हुए कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## 8 लाख से अधिक का नशे का सामान किया नष्ट

**मुंगेली।** पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये 12 प्रकरण मे जप्ती 71.541 किलोग्राम सुखा गांजा, ब्राउन शुगर 55.87 ग्राम व अफीम 26.42 ग्राम, चरस 20.18 ग्राम कीमती 8 लाख 43 हजार 914 रूपये को प्लांट भठ्ठी आग से जलाकर नष्ट किया गया। 15 जुलाई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल की उपस्थिति में 12 प्रकरण में सूखा गांजा वजन 71.541 किलोग्राम कीमती 6 लाख 91 हजार 689 रूपये, ब्राउन शुगर 55.87 ग्राम कीमती 85



हजार 805 रूपये, अफीम 26.42 ग्राम कीमती 26 हजार 420 हजार रूपये, चरस 20.18 ग्राम कीमती 40 हजार कुल कीमती 8 लाख 43 हजार 914 रूपये को दीपक इंडस्ट्रीज नवागढ़ रोड बामपारा प्लांट भठ्ठी में जलाकर नष्ट किया गया। ब्राउन शुगर, चरस, अफीम, गांजा की नष्टीकरण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय, पर्यावरण विभाग अधिकारी राजाराम वैष्णव, निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े, प्रधान आरक्षक पवन अनंत, विरेन्द्र राजपूत, आकाश जायसवाल उपस्थित रहे।

## प्रशासन के आश्वासन पर जिला प्रेस क्लब का धरना स्थगित

**पेंड्रा।** जिले के पेंड्रा नगर में वर्षों से लंबित पेंड्रा बायपास सड़क निर्माण की मांग को लेकर जिला प्रेस क्लब द्वारा पिछले सात दिनों से चलाया जा रहा क्रमिक भूख हड़ताल फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कलेक्टर विजय दयाराम के. के आश्वासन और प्रशासन की सकारात्मक पहल के बाद पत्रकारों ने आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया।

जिला प्रेस क्लब गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के नेतृत्व में 10 जुलाई से पेंड्रा के दुर्गा चौक में क्रमिक भूख हड़ताल व धरना प्रदर्शन की शुरूआत की गई थी। आंदोलन का उद्देश्य लंबे समय से लंबित पेंड्रा बायपास सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने की मांग को शासन तक पहुंचाना था। आंदोलन को विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और आम नागरिकों का लगातार समर्थन मिलता रहा। आंदोलन के दौरान कलेक्टर विजय दयाराम के. ने जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारियों को चर्चा के लिए आमंत्रित किया।



बैठक में पत्रकारों ने पेंड्रा बायपास निर्माण की मांग प्रमुखता से रखी। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि आगामी बजट में परियोजना को शामिल कराने के लिए हरसंभव प्रशासनिक प्रयास किए जाएंगे तथा बरसात समाप्त होने के बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। इसके बाद एसडीएम अमित बेक और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) मुकेश रावटे धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने प्रशासन की ओर से प्रस्तावित कार्रवाई और शासन की मंशा से पत्रकारों को अवगत कराया। सकारात्मक चर्चा के बाद जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वसम्मति से आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया। वहीं इस दौरान प्रमुख रूप से जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष अखिलेश नामदेव सहित गणेश जायसवाल, शरद अग्रवाल, मुकेश विश्वकर्मा, दुर्गेश सिंह बिसेन, राकेश मिश्रा, रामेश्वर तिवारी, संदीप अग्रवाल, उज्जवल तिवारी, प्रवेश शर्मा, रतन केसरवानी, संजय ठाकुर, सुबीर चौधरी, जितेंद्र सोनी, सुनील दया सिंह परिहार, विपत राम सारथी, अभिषेक गुप्ता, शैलेश सोनी, प्रशांत डेनियल, शिवेंद्र तिवारी, आयुष्मान शर्मा आदि पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## राजस्व प्रकरणों का निष्पक्ष निराकरण करें: कलेक्टर

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता में संशोधन के उपरांत राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों तथा प्रथम अपीलीय न्यायालय के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इन निर्देशों का उद्देश्य राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निराकरण सुनिश्चित करना है। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी राजस्व प्रकरणों में तथ्यों एवं साक्ष्यों के समुचित परीक्षण के बाद स्पष्ट एवं कारणयुक्त आदेश पारित किए जाएं। सभी पक्षकारों को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाए तथा प्रस्तुत आपत्तियों एवं आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करने के बाद ही अंतिम आदेश जारी किए जाएं। जारी निर्देशों के अनुसार गैर-भरणीय (नॉन-मेंटेनेबल) प्रकरणों को प्रथम सुनवाई में ही निरस्त किया जाए, लंबित मामलों की नियमित सुनवाई कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा वरिष्ठ न्यायालयों द्वारा मांगे गए प्रतिवेदन एवं अभिलेख निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराए जाएं। कलेक्टर ने सीमांकन, फौती, बंटवारा, अतिक्रमण एवं नक्शा सुधार जैसे मामलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। सीमांकन प्रकरणों में विधिवत आदेश पारित कर राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी के माध्यम से क्षेत्र-पत्रिका और नक्शा तैयार कराया जाए। बंटवारा प्रकरणों में सभी पक्षकारों की सुनवाई, चिन्हांकित एवं विभाजित नक्शा तैयार कर अभिलेखों में संलग्न करना अनिवार्य किया गया है।

## एटीआर के वनांचल में भालू के हमले से युवक गंभीर

**लोरमी।** अचानकमार टाइगर रिजर्व एटीआर के सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम छिरहट्टा निवासी राकेश कुमार बैंगा पर घर लौटते समय जंगली भालू ने हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए गौरेला के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार देरशाम राकेश कुमार बैंगा किसी कार्य से लमनी आए थे, वापस अपने गांव जा रहे थे, इसी दौरान लमनी के पास जंगल क्षेत्र में अचानक एक जंगली भालू सामने आ गया। इससे पहले कि वह संभल पाते, भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद भालू जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गौरेला के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। वन विभाग ने भी लोगों से अपील की है कि जंगल से लगे क्षेत्रों में अकेले आवागमन करने से बचें तथा जंगली जानवर दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना दें। वहीं, घायल के परिजनों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।



- घर वापसी के दौरान लमनी के पास हुई घटना, गौरेला जिला अस्पताल में भर्ती

## सीएचसी में महिला डॉक्टर नहीं, गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए जाना पड़ता है जिला अस्पताल

**मरवाही।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले कई वर्षो से गायनकोलॉजिस्ट महिला चिकित्सक न होने के कारण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।। वर्तमान में यहां गर्भवती महिलाओं का परीक्षण केवल एक आरएमए द्वारा कर दवाइयां लिख दी जाती है। गंभीर या हाई-रिस्क मामलों में मरीजों को हर महीने की 9 से 24 तारीख को जिला अस्पताल गौरेला रेफर किया जाता है, जिससे मरीजों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

- बिना गायनकोलॉजिस्ट परेशान हो रही गर्भवती महिलाएं

अधिकांश गर्भवती महिलाएं ब्लाक के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों जैसे खुरपा, देवगंवा, करहनी, मालाडांड़ और बदरौडी से आती है। यदि सीएचसी में ही गायनोकोलॉजिस्ट की नियुक्ति हो जाए, तो इन दुर्गम क्षेत्रों की महिलाओं को जिला अस्पाताल के लंबी दौड़ से राहत मिल जाएगी। अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा शुरू हो गई है। लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टर के बिना इसका पूर्ण लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। कुछ मितानिन ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि गर्भवति महिलाओं को जिला अस्पताल ले जाने में बहुत कवायद हो जाती है। समय पर जांच रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण




सेकंड शिफ्ट तक रुकना पडता है। डॉक्टर लंच के बाद जब आते है तो उन्हें दिखाना तब वापस लौटना होता है। इस बीच हॉस्पिटल प्रबंधन की तरफ से कुछ नाश्ता भी नही दिया जाता जबकि मरवाही सीएचसी में पहले यह सुविधा मिलती थी। लोगों की मांग है कि जिला अस्पताल में पदस्थ दो महिला डॉक्टर में से एक को मरवाही में संबध्द किया जाए ताकि इस संकट का स्थायी समाधान हो।

### बुलाते हैं डाक्टर

मरवाही सीएचसी में महिला मेडिकल ऑफिसर की आवश्यकता है। जितने स्टाफ हैं उसके अनुसार व्यवस्था बनाकर काम किया जाता है। जरूरत पड़ने पर प्राइवेट नर्सिंग होम से डॉक्टर बुलाकर जांच भी कराई जाती है।

-**हर्षवर्धन मेहर**, बीएमओ

## वाट्सएप ग्रुप पर अश्लील चैटिंग कार्रवाई के इंतजार में कर्मचारी

**तखतपुर।** शासकीय कार्यों के संचालन के लिए बनाए गए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक व्हाट्सएप ग्रुप पर कथित रूप से एक शासकीय सेवक द्वारा आपत्तिजनक एवं अश्लील संदेश भेजे जाने का मामला सामने आया है। इस घटना ने सरकारी कर्मचारियों, विशेषकर महिला कर्मचारियों को असहज और शर्मिंदा कर दिया। गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी और सवाल दोनों उठ रहे हैं। तखतपुर शहरी क्षेत्र में निर्वाचन कार्य, प्रशासनिक निर्देश, शासन की योजनाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए एक विशेष व्हाट्सएप ग्रुप संचालित किया जाता रहा है। इस ग्रुप में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं लगभग 100 शासकीय कर्मचारी जुड़े हुए हैं। यह पूरी तरह शासकीय कार्यों के लिए बनाया गया मंच है। बताया जा रहा है कि इसी ग्रुप में एक सदस्य ने लगातार अत्यंत अश्लील और आपत्तिजनक संदेश पोस्ट करना शुरू कर दिया। इन संदेशों की सामग्री ऐसी थी जिसे सार्वजनिक मंचों पर साझा करना सामाजिक मर्यादा के विरुद्ध माना जाता है और परिस्थितियों के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी कानून अथवा भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत जांच का विषय भी बन सकती है। ग्रुप में मौजूद कई कर्मचारियों ने इस पर आपत्ति जताई। सूत्रों के अनुसार, विवाद बढ़ने के बाद ग्रुप एडमिन द्वारा कुछ सदस्यों को ग्रुप से हटा दिया गया, जिससे इस विषय पर अधिक चर्चा न हो सके। फिलहाल संबंधित ग्रुप में हुई इस घटना को लेकर कर्मचारियों, विशेषकर महिला कर्मचारियों के बीच असंतोष बना हुआ है। तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला ने मामले में कहा कि बीएलओ ग्रुप को रिमूव कर दिया गया है। अभी तक किसी की शिकायत नहीं मिली है। शिकायत प्राप्त होने पर दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## देवद्रव्य की चोरी को बीजेपी का संरक्षण: शैलेश

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता को जिला प्रभारी शैलेश पांडे ने संबोधित किया। श्री पांडे ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति और नैतिक चेतना के प्रतीक हैं।

- आस्था के नाम पर राजनीति, चढ़ावे के नाम पर लूट

देश के कोने-कोने से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई, अपने गहने, अपनी बचत और अपनी श्रद्धा लेकर राम मंदिर निर्माण के लिए आगे आए। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और संघ परिवार के संगठनों ने लगभग तीन दशकों तक भगवान राम के नाम पर राजनीति की, देश के गरीब व मध्यम वर्ग से राम के नाम पर चंदा एकत्र किया और इसी आंदोलन के आधार पर सत्ता प्राप्त की। आज वही करोड़ों रामभक्त यह पूछने को मजबूर हैं कि भगवान राम के नाम पर जुटाया



गया चंदा और चढ़ावा आखिर किसके संरक्षण में लूटा गया। यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं है। यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और भावनाओं के साथ किया गया घोर विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि जब ट्रस्ट का गठन प्रधानमंत्री की देखरेख में हुआ, तो इस घोटाले की जवाबदेही कौन लेगा। अगर सब कुछ ठीक था, तो चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे क्यों हुए। अगर कुछ गलत नहीं हुआ, तो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच से डर किस बात का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्पष्ट करें कि ट्रस्ट के गठन, शीर्ष नियुक्तियों और प्रशासनिक निगरानी में उनकी सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय की क्या भूमिका रही है और इतने गंभीर आरोपों के बाद वे अब तक मौन क्यों हैं। चंपत राय, अनिल मिश्रा और इस पूरे घोटाले में शामिल सभी प्रभावशाली व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए। पत्रकारवार्ता में जिलाध्यक्ष गजमति भानु, पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव राष्ट्रीय सचिव आदिवासी अर्चना पोर्ते कोषाध्यक्ष पंकज तिवारी प्रवक्ता कांग्रेस वीरेंद्र सिंह बघेल ओमप्रकाश अग्रवाल गुलाब राज, प्रशांत श्रीवास, गुलाब राज उपस्थित थे।

## राम के नाम पर जुटाया चंदा लूट का शिकार: विजय

**मुंगेली।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पत्रकारवार्ता को विजय केशरवानी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति और नैतिक चेतना के प्रतीक है। देश के कोने-कोने से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई, अपने गहने, अपनी बचत और अपनी श्रद्धा लेकर राम मंदिर निर्माण के लिए आगे आए। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और संघ परिवार के संगठनों ने लगभग तीन दशकों तक भगवान राम के नाम पर राजनीति की, देश के गरीब व मध्यम वर्ग से राम के नाम पर चंदा एकत्र किया और इसी आंदोलन के आधार पर सत्ता प्राप्त की।

आज वही करोड़ों रामभक्त यह पूछने को मजबूर हैं कि भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा और चढ़ावा आखिर किसके संरक्षण में लूटा गया। यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं है। यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और भावनाओं के साथ किया



गया घोर विश्वासघात है। भाजपा राम द्रोही है, उसने पहले चंदा में हेराफेरी करवाया, अब चढ़ावा में चोरी। भाजपा ने राम मंदिर के निर्माण के समय रामशिला पूजन के नाम से जो 14000 करोड़ रूपये से अधिक राशि एकत्रित हुआ था। उसका जवाब आरएसएस एवं भाजपा के लोग नहीं दे पाये। उनके ही सहयोगी नेताओं ने ही राम मंदिर निर्माण के समय एकत्रित किये चंदे का आरोप लगाया था। जिन लोगों ने मंदिर बनाने के नाम पर चंदा में हेराफेरी किया था वही लोग मंदिर बनने के बाद चढ़ावे में हेराफेरी करने लगे। इन सबकी पृष्ठभूमि आरएसएस और भाजपा की रही है। कहा जा सकता है इन घोटालों को आरएसएस भाजपा का संरक्षण रहा है। भाजपा ने देवद्रव्य चोरी करने के महापाप का संरक्षण किया है। राम मंदिर न्यास ट्रस्ट का गठन गृहमंत्री अमित शाह ने किया था इसलिए वहां पर घोटाले की नैतिक जिम्मेदारी मोदी और शाह की बनती है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराई जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इस कथित लूट के पीछे कौन लोग है और किसके संरक्षण में यह सब वर्षों तक चलता रहा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल भंग किया जाए।